RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 165 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 06 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## नोएडा की एल्डेको सोसायटी की 17वीं मंजिल पर लगी आग



### गाजियाबाद में दो घरों में फटा एसी फ्लैट का सामान जलकर खाक

**गाजियाबाद/नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर 119 में स्थित एल्डेको सोसाइटी की 17वीं मंजिल पर बुधवार को आग लग गई। इसका कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सोसायटी की 17वीं मंजिल पर बने फ्लैट में आग लगने से फ्लैट का कुछ सामान जलकर खाक हो गया है। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि एसी में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि बालकनी के बाद आग कमरे में भड़की, फायर बिग्रेड की गाड़ी ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। आग से बालकनी व कमरे में रखा कुछ सामान जलकर खाका हो गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नई सरकार के गठन की तैयारियां

### जेपी नड्डा के घर अहम बैठक, सरकार के गठन पर मंथन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर हलचल तेज हो गई है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी किस दिन शपथ लेंगे अभी इस पर संशय बना है। पहले बताया जा रहा था कि प्रधानमंत्री 8 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे लेकिन पार्टी सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि प्रधानमंत्री 9 जून को शपथ ले सकते हैं।

इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की आज सुबह से बैठक चल रही है। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएल संतोष सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। सुबह शुरू हुई इस अहम बैठक में नई सरकार के गठन को लेकर चर्चा की जा रही है। इस बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आठ जून को पीएम मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कल सांसदों, मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक होगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)


### बांग्लादेश व नेपाल के पीएम को न्यौता

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए कल, 7 जून (कल) को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। प्रधानमंत्री शेख हसीना 9 जून की दोपहर तक दिल्ली में रहेंगी। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। नेपाल के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। बुधवार को फोन पर बातचीत के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने नेपाली प्रधानमंत्री को निमंत्रण दिया था।

## हिमाचल पानी छोड़े, हरियाणा रोड़ा न अटकाए



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश की राजधानी दिल्ली में जल संकट से जनता को उभारने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आज फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को 137 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया है, जिसके बाद अब हिमाचल प्रदेश शुक्रवार से पूरे महीने दिल्ली के लिए पानी छोड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि हरियाणा उसमें कोई रोड़ा नहीं अटकाएगा। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि बुधवार को हुई अपर यमुना रिवर बोर्ड के साथ बैठक में सभी सदस्य इस बात पर सहमत थे कि दोनों राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है और दोनों को ही पानी की जरूरत है। (शेष पृष्ठ-3 पर)




## यूपी की जनता ने दिया लोकतंत्र बचाने का संदेश : प्रियंका



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव–2024 में उप्र में अमेठी–रायबरेली सहित 6 सीटें जीतने पर कांग्रेस गदगद है। पार्टी की नेता प्रियंका गांधी ने इस जीत पर यूपी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जनता के लिए एक पोस्ट एक्स पर लिखा है। एक्स पर प्रियंका ने अपने पोस्ट में लिखा है कि यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुक़दमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार–बार नज़रबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे। मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है– कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की क़ीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है।

## ई-रिक्शा में करता था गौ-कशी, मुठभेड़ में गिरफ्तार



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना लोनी पुलिस ने गौकशी में वांछित बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर नाजायज मय 1 जिंदा कारतूस 315 बोर व 1 खोखा कारतूस 315 बोर मय गौकशी करने के औजार 1 छुरी व 1 गढासा व 1 रस्सा, मय 01 बैटरी रिक्शा बरामद किया है।

थाना लोनी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान सबलू गढी रोड पर समाधि के पास एक बैटरी रिक्शा चालक को रोका गया तो वह बैटरी रिक्शा को लेकर सिलवर सिटी की तरफ जाने वाले रास्ते पर मोड़कर भागने लगा। पुलिस पार्टी ने इसका पीछा किया तो बैटरी रिक्शा को रास्ते पर ही छोडकर इसने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा भी फायर किया गया जिसमें बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम फय्याज पुत्र फरीद निवासी अमन गार्डन अशोक विहार थाना लोनी गाजियाबाद बताया। उसने बताया कि 4 जून की सुबह जो गौकशी सबलुगढी निठौरा में की गई थी वह मेरे द्वारा व मेरे अन्य साथियों शकील पुत्र रहीमुद्दीन निवासी बबलू गार्डन निठौरा रोड निकट हनीशा मस्जिद लोनी गाजियाबाद व आस मोहम्मद उर्फ छोटा पुत्र मुनसूब निवासी वेस्ट सिटी निठौरा रोड थाना लोनी गाजियाबाद व एक अन्य साथी द्वारा ही की गई थी। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नोएडा एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया बिहार का गैंगस्टर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बिहार के एक कुख्यात बदमाश को यूपी STF की नोएडा यूनिट और बिहार STF के संयुक्त ऑपरेशन में मार गिराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुधवार रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में बिहार के 2.25 लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर को मार गिराया गया।

पुलिस के मुताबिक, यह एनकाउंटर मुजफ्फरनगर के रतनपुरी इलाके में हुआ। अपर पुलिस महानिदेशक (यूपी एसटीएफ और कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि बिहार के बेगूसराय जिले के रहने वाले नीलेश राय पर हत्या, लूट और जबरन वसूली समेत 16 मामले दर्ज थे. नीलेश राय पर सवा लो लाख का इनाम घोषित था।

पुलिस ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि 24 फरवरी, 2024 को जब पुलिस की एक टीम ने बेगूसराय में उसके ठिकाने पर छापा मारा तो राय ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की और भाग निकला था। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।






## नई सरकार

आज आम चुनाव, 2024 का जनादेश सार्वजनिक होगा। उसी के साथ चुनाव की मौजूदा प्रक्रिया सम्पन्न हो जाएगी। देश को नई लोकसभा और नई सरकार मिलेगी। निर्वाचन आयोग ने देश के मतदाताओं, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों, चुनाव कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों और मीडिया आदि का, एक विज्ञापन के जरिए, 'धन्यवाद' किया है, लेकिन कुछ खट्टे, कड़वे अनुभव, कुछ सवाल और त्रासदियां पीछे छूट गई हैं, जिनका अब जिक्र तक नहीं होगा। एक आंकड़ा '25' हमेशा त्रासदी को याद दिलाता रहेगा, क्योंकि यह संख्या उप्र और बिहार के उन चुनाव कर्मियों की है, जो भीषण लू की चपेट में आकर अपनी जिंदगी गंवा बैठे। ये त्रासदियां और भी संत्रस्त करेंगी, क्योंकि इन त्रासदियों का पूर्वानुमान होना चाहिए था। अप्रैल की शुरुआत से ही मौसम विभाग ने चेतावनी और परामर्श जारी किए थे कि इस बार गर्मी कुछ अधिक 'असामान्य' होगी। ऐसी गरम लू चलने की संभावनाएं जताई गई थीं कि लू की अवधि 10-20 दिन भी हो सकती है। अमूमन लू की अवधि 4-8 दिन की होती है। बेशक चुनाव आयोग ने मतदाताओं और चुनाव कर्मियों के बचाव के लिए, बूथ स्तर पर ही, बंदोबस्त सुनिश्चित किए थे, लेकिन चुनाव कर्मी हमेशा ही असुरक्षित तथा अति संवेदनशील महसूस करते हैं, क्योंकि उनका काम ऐसा ही है। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि चुनाव कर्मी सैनिकों की तरह खतरनाक और जोखिम भरे काम के लिए नहीं हैं। चुनाव का दायित्व अधिकतर अध्यापक, दफ्तरी या क्लर्क आदि ही निभाते हैं, लिहाजा यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि उन्हें सुरक्षित माहौल में रखे। कमोबेश जिंदगी खत्म नहीं होनी चाहिए। इस संदर्भ में आयोग को चुनाव के वैकल्पिक कलैंडर पर विचार करना चाहिए। चुनाव आयोग की निष्पक्षता, ईमानदारी, तटस्थता और व्यापकता पर कोई सवाल या संदेह नहीं है। सर्वोच्च अदालत के सामने भी मामला गया था, जिसने हस्तक्षेप या आयोग का आधार बड़ा करने का कोई फैसला सुनाने से इंकार कर दिया। चुनाव आयोग कई चरणों में मतदान के कार्यक्रम पर पुनर्विचार जरूर करे। लोकसभा का कार्यकाल मई-जून तक है, तो चुनाव अप्रैल तक सम्पन्न कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग के पास बजट और श्रम-बल की कोई कमी नहीं है। विभिन्न सुरक्षा बलों की व्यवस्था गृह मंत्रालय करता है। यदि मतदान कम समय में ज्यादा क्षेत्रों में होना है, तो मंत्रालय उसकी भी व्यवस्था कर सकता है। कई बच्चों की परीक्षाएं आड़े आती हैं। वे भी साथ-साथ चल सकती हैं, क्योंकि सभी बच्चे मतदाता नहीं हैं। इस पहलू पर स्कूलों के साथ बैठकर तय किया जा सकता है। अब हम इतने तकनीक सम्पन्न भी हो चुके हैं कि कम अवधि में ज्यादा बड़ा चुनाव सम्पन्न करा सकते हैं। अगले संसदीय चुनाव तक ईवीएम का भी पर्याप्त बंदोबस्त किया जा सकता है। चूंकि जलवायु-परिवर्तन के कारण मौसम भी बदल रहा है। हमने पहली बार देखा कि तापमान 50-52 डिग्री सेल्सियस तक उछल गया था। गर्मी-लू से देश भर में करीब 60 मौतें हो चुकी हैं। मतदान भी प्रभावित हुए थे। क्या मतदान 4-5 चरण में नहीं कराए जा सकते? क्या पहले ऐसा नहीं किया गया था? कमोबेश गर्मियों के 'चरम' की स्थिति में चुनाव नहीं होने चाहिए। सात चरण के मतदान का निर्णय सवालिया लगता है, बेशक आयोग कुछ भी दलीलें देता रहे। जलवायु-परिवर्तन भविष्य में व्यवस्था को और बिगाड़ सकता है। अभी तो शुरुआत है और उसे विश्व नियंत्रित नहीं कर पा रहा है। कार्बन-उत्सर्जन की मात्रा थोड़ी-बहुत कम हुई है, लेकिन दूसरी भी विसंगतियां हैं। जब सरकारें राजनीतिक हित के मद्देनजर अग्रिम चुनावों की अनुशंसा कर सकती हैं, तो चुनाव आयोग संवैधानिक निकाय है। संविधान ने उसे कई विशेषाधिकार दिए हैं। देश के 23 राज्यों में 'हीट एक्शन प्लान' लागू हैं। पहला सवाल तो यही है कि सभी राज्यों में इसे लागू क्यों नहीं किया गया? मौसम के जानलेवा खतरों और जोखिमों से आम आदमी को बचाना सरकार का ही दायित्व है। सरकार चाहे, तो चुनाव आयोग के साथ मिल कर नए कलैंडर पर विचार कर सकती है। राज्यों में गर्मी को लेकर योजनाएं तो बनी हैं, लेकिन लागू करने में कुव्यवस्था है। बहरहाल तमाम पहलू आयोग के सामने हैं। कलैंडर बदलने का प्रयास तो हो।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि महीने के दोनों पखवाड़ों में उजियाला और अँधेरा समान ही रहता है, परन्तु विधाता ने इनके नाम में भेद कर दिया है ( एक का नाम शुक्ल और दूसरे का नाम कृष्ण रख दिया )। एक को चन्द्रमा का बढ़ाने वाला और दूसरे को उसका घटाने वाला समझकर जगत ने एक को सुयश और दूसरे को अपयश दे दिया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**रामरूप से जीवमात्र की वंदना**

**जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि।**
**बंदउँ सब के पद कमल सदा जोरि जुग पानि॥**

जगत में जितने जड़ और चेतन जीव हैं, सबको राममय जानकर मैं उन सबके चरणकमलों की सदा दोनों हाथ जोड़कर वन्दना करता हूँ॥

**देव दनुज नर नाग खग प्रेत पितर गंधर्ब।**
**बंदउँ किंनर रजनिचर कृपा करहु अब सर्ब॥**

देवता, दैत्य, मनुष्य, नाग, पक्षी, प्रेत, पितर, गंधर्व, किन्नर और निशाचर सबको मैं प्रणाम करता हूँ। अब सब मुझ पर कृपा कीजिए॥

**आकर चारि लाख चौरासी। जाति जीव जल थल नभ बासी॥**
**सीय राममय सब जग जानी। करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी॥**

चौरासी लाख योनियों में चार प्रकार के (स्वेदज, अण्डज, उद्भिज्ज, जरायुज) जीव जल, पृथ्वी और आकाश में रहते हैं, उन सबसे भरे हुए इस सारे जगत को श्री सीताराममय जानकर मैं दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूँ॥

(क्रमशः..)

# बीजेपी के हिन्दुत्व पर भारी पड़ी सपा की जातीय जुगलबंदी

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यूपी में खराब परफारमेंस की वजह से बीजेपी केन्द्र में अपने दम पर बहुमत का भी आकड़ा नहीं पा कर पाई। भले ही एनडीए के तौर पर उसकी सरकार बनना तय लग है, लेकिन अबकी से उसके सामने चुनौती बड़ी होगी। बीजेपी का यह सारा खेल यूपी ने बिगाड़ा है। 2017 के विधान सभा चुनाव के बाद जिस तरह से अप्रत्याशित तरीके से बीजेपी आलकमान द्वारा योगी को यूपी का सीएम बनाया गया था,उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और 2022 के विधान सभा चुनाव में मोदी के साथ योगी का भी सिक्का खूब चला। यहां कोई भी चुनाव होता मोदी आगे तो योगी उनके पीछे नजर आते थे। अपने बल पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ का जादू अबकी लोकसभा चुनाव में क्यों नहीं चला यह यक्ष प्रश्न है। कहा यह भी जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक(पीडीए) फार्मूला ने बीजेपी के हिन्दुत्व को हासिये पर ढकेल दिया। जबकि जमीनी हकीकत यही है कि यूपी की सियासी पिच पर भले योगी मात खा गये हों,लेकिन उनकी सरकार के कामकाज को लेकर किसी को कोई खास नाराजगी नहीं है। आज भी प्रदेश में लॉ एंड आर्डर के कारण उनकी छवि काफी बड़ी दिखती है। विकास के कार्य भी ठीकठाक चल रहे थे,ऐसे में यही कहा जा सकता है कि शायद योगी अपनी बात को मतदाताओं के सामने उतने सही तरीके से नहीं जैसा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव करने में सफल रहे। वहीं बसपा के वोटर को भी जब इस बात का अहसास हुआ कि बहनजी अबकी से रेस में नहीं है तो उसने भाजपा की जगह समाजवादी पार्टी का साथ ज्यादा पसंद किया,यह भी बीजेपी के लिये माइनस प्वाइंट रहा। इसकी वजह भी साफ है। दलित और उसके साथ पिछड़ों को भी इस बात का विश्वास हो गया था कि यदि मोदी मजबूत हुए तो उनका आरक्षण खत्म हो जायेगा।



बहरहाल, योगी की भविष्य की राजनीति पर लोकसभा चुनाव के नतीजे का प्रभाव पड़ना निश्चित है।एक तरफ विपक्ष उनके खिलाफ ज्यादा हमलावर होगा तो पार्टी के भीतर से भी उनके खिलाफ आवाज उठने लगेंगी। क्योंकि अक्सर ऐसी खबरें आती थीं कि योगी राज में बीजेपी के जनप्रतिनिधियों को कोई महत्व नहीं मिल रहा था और इसकी बड़ी वजह योगी को समझा जाता था। यहां तक की चौकी-थाने तक में बीजेपी नेताओं और पार्षदों की बात तो दूर विधायकों और सांसदों तक की नहीं सुनी जाती थी। यूपी में भाजपा के साथ-साथ उसके सहयोगी दलों को भी झटका लगता है। सुभासपा के बढ़ बोले नेता ओम प्रकाश राजभर अपने बेटे को चुनाव नहीं जिता पाये तो संजय निषाद की पार्टी का भी एक सीट पर खाता नहीं खुला। हॉ, राष्ट्रीय लोकदल अपनी दो और अपना दल एस की अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर से चुनाव जीत गई हैं। वहीं, सुभासपा को घोसी लोकसभा सीट पर झटका लगा है। इंडिया गठबंधन प्रदेश की 80 में से 43 सीटें जीतने में सफल रहा। इसमें सपा की 37 सीटों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कांग्रेस को भी 6 सीटों पर जीत हासिल हुई,लेकिन इसका श्रेय भी अखिलेश को ही दिया जा रहा है। वहीं, भाजपा के नेतृत्व में एनडीए 36 सीटों पर ही हासिल कर पाई,जिसमें भाजपा की 33 सीटें थीं। यूपी में उसके सात केन्द्रीय मंत्री चुनाव हार गये। एक सीट पर आजाद समाज पार्टी को जीत हासिल हुई।

दस वर्षो गे बाद अबकी से यूपी के वोटिंग पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिला। भाजपा बड़े स्तर पर पिछड़ी,यह तो सबने देखा,परंतु क्यों पिछड़ी इसको लेकर उसके अंदर भी दुविधा नजर आ रही है। जो बीजेपी 2019 में यूपी में 63 सीटें जीती थीं जो अबकी से वह 33 पर सिमट गई। पार्टी को 30 से सीटों का का नुकसान एठाना पड़ा। वहीं, कांग्रेस का आकड़ा एक से छह पर पहुंच गया है। 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़त बनाई है। वहीं, समाजवादी पार्टी अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने में कामयाब रही है। 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन के बाद से अब तक का यह उसका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इतना बेहतर प्रदर्शन तो किसी भी लोकसभा चुनाव में स्वयं मुलायम सिंह यादव तक नहीं कर पाये थे। इससे पूर्व 2004 में सपा ने 35 सीटें जीती थीं। इससे यही लगता है कि इंडिया गठबंधन अपनी रणनीति बेहतर तरीके से जमीन पर उतरने में सफल रही। वहीं, भाजपा के पक्ष में माहौल बनता नहीं दिख पाया। ऐसे में भाजपा प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की रणनीति पर काम कर सकता है। इस पर चर्चा शुरू हो गई है,लेकिन यह चर्चा हवा-हवाई ज्यादा लगती है।

यह वह चर्चा है जिसे आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले हवा दी थी। उन्होंने दावा किया था कि लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में सत्ता परिवर्तन होगा। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री पद से हटाए जाएंगे। लखनऊ में इंडिया गठबंधन के प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर बड़ा दावा किया था। केजरीवाल ने कहा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली आए थे। उन्होंने मुझे गालियां दीं। योगी जी, मैं आपसे विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आपके असली दुश्मन आपकी ही पार्टी में हैं। भाजपा में अपने दुश्मनों से लड़िए। आप केजरीवाल को गाली क्यों दे रहे हैं?अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आपको हटाना चाहते हैं। आपको यूपी के सीएम की कुर्सी से हटाने की पूरी तैयारी चल रही है। आप उनसे निपटिए। केजरीवाल ने लोगों से कहा था कि इंडिया को बचाना है तो इंडिया गठबंधन को जिताना है।


खैर,योगी से इत्तर बात बसपा की भी जरूरी है। बीएसपी सुप्रीमो मायावती की पार्टी की कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। बसपा को किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली। यूपी में बसपा की सुप्रीमों मायावती को दलितों की एकमात्र राजनीतिक मसीहा माना जाता रहा है. उनके इशारे पर दलितों का वोट पड़ता रहा है. मगर इस बार हालात इसके कुछ अलग दिखाई दिया। कभी मायावती के एक इशारे पर यूपी का 17 फीसदी दलित वोट बैंक वोटिंग के लिए तत्पर रहता था. इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि बसपा के टिकट को हासिल करने के लिए उम्मीदवारों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। कई बार तो मायावती पर टिकट को बेचने के आरोप भी लगे। मगर इसके बावजूद बसपा के कोर वोट बैंक को कोई खास असर नहीं पड़ा। फिलहाल इस बार के नतीजों से कुछ अलग ही हालात सामने आ रहे हैं. इस बार मायावती का वोट बैंक उनके साथ नहीं रहा है. इस बार दलित वर्ग के पढ़े-लिखे नौजवानों का एक तबका इस बात से पूरी तरह सहमत था कि बीजेपी को हराने के लिए बसपा को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए था. जब ऐसा नहीं हुआ तो इन लोगों ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में वोट देने का फैसला किया. इससे उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को ऐसी सफलता मिली है, जिसकी उनको उम्मीद भी नहीं थी. इस तरह देखा जाए तो मायावती की राजनीतिक पकड़ फिलहाल अपने कोर वोट बैंक पर कमजोर होती दिख रही है.

आम तौर पर बीएसपी को विपक्ष भाजपा की बी टीम कहकर टार्गेट करता रहा है पर कहानी कुछ और ही चल रही थी। पश्चिम से पूरब तक मायावती ने ऐसे कैंडिडेट खड़े किए जो एनडीए कैंडिडेट्स को ही नुकसान पहुंचा रहे थे। पश्चिमी यूपी में मेरठ में देवव्रत त्यागी, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, खीरी सीट से बीएसपी का पंजाबी प्रत्याशी आदि बीजेपी को सीधे नुकसान पहुंचा रहे थे। इसी तरह पूर्वी यूपी में घोसी में बीएसपी ने जो कैंडिडेट दिया। वह सीधा इशारा था कि पार्टी ने एनडीए का काम खराब करने का ठेका ले लिया है। घोसी सीट पर बालकृष्ण चौहान ने एनडीए की 2 साल पुरानी तैयारी को ही पलीता लगा दिया। यहां पर बीजेपी ने स्थानीय नोनिया नेता दारा सिंह चौहान को समाजवादी पार्टी से इसलिए ही लाए गए थे कि उनका लाभ घोसी और आसपास की सीटों पर लिया जा सके. पर जब बीएसपी ने एक नोनिया जाति के कैडिडेट बालकृष्ण चौहान का खड़ा कर दिया तो जाहिर है कि एनडीए का काम खराब होना ही था। इसी तरह चंदौली में बीएसपी उम्मीदवार सतेंद्र कुमार मौर्या बीजेपी उम्मीदवार महेंद्रनाथ पांडेय के लिए खतरा बन गए। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी के मनीष त्रिपाठी मिर्जापुर में अनुप्रिया पटेल को त्रिकोणीय मुकाबले में फंसा दिए.वह तो अंत समय में सीट निकालने में किसी तरह सफल हो गईं। पूरे प्रदेश में दो दर्जन ऐसी सीटें हैं जहां बीजेपी कैंडिडेट के वोट बीएसपी कैंडिडेट के चलते कम हो गये।

**अजय कुमार, लखनऊ।**

## बोलो फेसबुक दरबार की जय

बंधुओ! आई डांट माइंड! अगर आप मेरे बारे में गलत सोचो तो। यहां सबके बारे में कुछ भी सोचने का सबको पूरा पूरा अधिकार है। असल में मैं अपने वेल पेड मां बाप से उतना प्रेम नहीं करता जितना फेसबुक मैया से करता हूं। मेरे लिए फेसबुक मैया मां बाप से बढक़र आदरणीय ही नहीं, उनसे भी बढक़र परमादरणीय है। मेरी मां ने मुझे केवल बर्थ दिया है, पर मेरी फेसबुक मैया मेरा लालन पालन, चालन संचालन परिचालन सब कर रही है। द्वापर में कृष्ण यशोदा को छोडक़र भले ही चले गए थे, पर हे मेरी यशोदा मां से बढक़र फेसबुक मां! मैं तुम्हें छोड़ कर कहीं नहीं जाने वाला। मेरा लोक परलोक तुम्हीं हो। तुम्हीं हो मातापिता तुम्हीं हो, तुम्हीं हो बीवी बच्चे तुम्हीं हो। मैं अपनी बटरहाफ से उतना प्रेम नहीं करता जितना फेसबुक मां से करता हूं। मेरे लिए फेसबुक मेरी बटरहाफ से भी बढक़र है। मैं फेसबुक का मन से आदर करता हूं। मैं अपने मित्रों से उतना प्रेम नहीं करता जितना फेसबुक मां से करता हूं। मेरे लिए मेरे दोस्तों से बढक़र प्रिय फेसबुक मां है। मित्रो! सच मानों या न, पर यही परम सत्य है कि जिस तरह गोपियों ने अपने को कृष्ण को समर्पित कर दिया था, उसी तरह मैं भी स्वयं को फेसबुक को समर्पित कर चुका हूं। अब मुझे गोपियों की तरह लोक लाज का तनिक भी भय नहीं कि मेरी बीवी मुझे क्या कहेगी! यही कहेगी न कि नर होकर मादा सा जीवन जी रहा हूं। सच कहूं तो मरे लिए सेस, गनेस, महेस, दिनेस सब फेसबुक ही है। कारण, आज आठ से लेकर साठ तक के सब इसी का गुणगान कर रहे हैं। इसी का जलपान कर रहे हैं।



फेसबुक ही आज अनादि, अनंत, अखण्ड, अछेद, अभेद, सुबेद है। नारद भी जो आज होते तो वे भी नारायण! नारायण! करने के बदले सोशल मीडिया! सोशल मीडिया!

का उच्चारण करते हर लोक में विचरण कर रहे होते। कल पता नहीं यही फेसबुक मां पहली बार मुझसे क्यों नाराज हो गई? असल में मैं नहाने के बाद का अपना नहाने वाला फोटो फेसबुक मां के श्री चरणों के थरू अपने दोस्तों से शेयर करने की जितनी कोशिश कर रहा था, उतनी ही बार फेसबुक मां फोटो को अस्वीकार कर रही थी। फेसबुक मां द्वारा पहली बार बार बार अपने नहाने की फोटो अस्वीकार करने के चलते मैं अधीर हो उठा। नहाने के बाद भी मुझे पसीने पडऩे लगे। जो बाथ मैंने फ्रेश होने के लिए लिया था, उसके तुरंत बाद मत पूछो मैं कितनी थकान फील कर रहा था। बार बार पूरी कोशिश करने के बाद भी मैं अपने नहाने की फोटो फेसबुक के श्रीचरणों में भेंट न कर सका तो मत पूछो मेरा क्या हाल? इस पीड़ा की अनुभूति वही कर सकता है जो सच्चा फेसबुक प्रेमी हो। जो भगवान से भी अधिक फेसबुक से प्रेम करता हो। आखिर जब मैं परेशानी में पसीना पसीना हो गया तो मुझ पर द्रवित होकर अचानक फेसबुक मैया ने दर्शन दिए। उनका हजारों वाट का तेज देख मैं हक्का बक्का! देखा तो सब फेसबुकधारी उसके तेज से जन्म ले रहे हैं, उसके तेज में समा रहे हैं। मैंने फेसबुक का वह तेज देखा तो उससे मेरी आंखें फूटने लगीं। आखर मैंने मां फेसबुक से निवेदन किया, 'हे फेसबुक मां! मुझसे तुम्हारा ये तेज अब और सहन नहीं हो रहा। अब अपने पुराने रूप में आ जाओ मां! तुम्हारे मायावी प्रकाश के आगे मेरी दिमाग की बत्ती गुल हो रही है मां! आखिर मुझसे गलती कहां हो गई मां जो तुम्हें मुझे इस तरह साक्षात दर्शन दे कृतार्थ करना पड़ा?'

क्षमा मांगते मैंने अपने सारे सोशल मीडियाई अस्त्र शस्त्र फेसबुक मां के चरणों में धरे तो उनका क्रोध कुछ शांत हुआ, 'वत्स! तुमने जो रात को डिनर करते हुए गर्मी से बचने के लिए जो खट्टी लस्सी का गिलास पिया था, उसकी फोटो मुझे समर्पित क्यों नहीं की? भविष्य में स्मरण रहे, तुम्हारे जीवन की हर किस्म की इरादतन, गैरइरादतन एक्टिविटि पर अब तुम्हारा नहीं, केवल सोशल मीडिया का अधिकार है। तुम्हारी इरादतन, गैरइरादतन एक्टिविटियां अब तुम्हारी नहीं, केवल और केवल मेरी हैं। इसलिएज्।' 'त्राहि माम् मां! त्राहि माम्! क्षमा करो! भविष्य में अपनी हर हरकत से आपको अवगत न करवाऊं तो मेरे कीड़े पड़ें, मुझे कोढ़ हो जाए, मुझेज्।' मित्रो! तब कहीं जाकर मेरी नहाने वाली तस्वीर को फेसबुक मां ने अपने श्रीचरणों में जगह दी। तो बोलो! फेसबुक मैया की जय! पौड़ी पौड़ी सड़दा जाए एफबी एफबी करदा जा! जयकारा फेसबुक माता दा। बोलो फेसबुक दरबार की जय!

**-अशोक गौतम**

## राशिफल

**ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष : अमावस्या** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
प्रेम संतान का भी भरपूर सहयोग है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी अच्छा समय कहा जाएगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
ऊर्जा का स्तर उतार-चढ़ाव में रहेगा। प्रेम संतान का भरपूर साथ होगा। व्यापार बहुत अच्छा होगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। बहुत सारे तरह के लोग इस समय आपको परेशान करने की कोशिश कर रहे हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य थोड़ा बुझा-बुझा सा बना है। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार बहुत अच्छा आपका दिख रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य साथ दे रहा है। कानूनी पछड़े सुधर रहे हैं। पिता के स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। भाग्यवश काम बनेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं थोड़ा सा। बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम संतान ठीक-ठाक। व्यापार भी ठीक है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
प्रेम संतान का भरपूर सहयोग है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दीजिए। बाकी हर दृष्टि से सुखद समय।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रुओं पर विजय पाएंगे। गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम गरम रहेगा। प्रेम संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
दिमागी तौर पर थोड़ा बटे-बटे से रहेंगे। बच्चों की सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू तू मैं मैं के संकेत हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव हो सकता है जमावड़ा लगा हुआ है घर में आपके।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापार के नए-नए ऑप्शन आएंगे, कंफ्यूज मत होइए। एक-दो दिन रुक जाइए। स्वतः क्लियर हो जाएगा क्या करना है।



गौतबुद्धनगर के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय बंजारा महासभा के ताराचंद नायक उनके आवास पर मिलकर उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामना दी।

# पर्यावरण दिवस पर आईआईए ने किया पौधा रोपण



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पर्यावरण दिवस पर साइट-सी, सूरजपुर के मध्य एक पार्क ( पुलिस चौकी के पीछे) में आईआईए और शुभकर्मन ने मिलकर धरा को हरित करने आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली, स्वांस के लिए प्राणवायु की प्रचुरता बढ़ने के उद्देश्य से एक बृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभ आरंभ किया।

इस मौके पर निकट पुलिस चौकी से सभी पुलिस अधिकारी गण, यूपीसीडा से एनके जैन, हरिओम अत्रि (वरिष्ठ मैनेजर, सिविल), शुभ कर्मण से प्रदीप अग्रवाल व हर्षित अग्रवाल, आईआईए राष्टीय सचिव विशारद गौतम, चैप्टर चेयरमैन राकेश बंसल, कोषाध्यक्ष विपिन माहना, सर्वेश गुप्ता, जे एस राणा, अमित शर्मा, जगदीश सिंह, विजय गोएल, जीके मिंडा, सुधीर अग्रवाल, दीपक कंबोज, नितिन, कपिल, अभिषेक शर्मा, भक्तु सिंह, श्रीवास्तव व आशुतोष, नवनीत भारद्वाज आदि 50 से अधिक सदस्यो ने 200 वृक्ष पौध का रोपण किया।

# गैर बिक्री संपत्ति की नीलामी के जरिए प्राधिकरण वसूलेगा 2409.77 करोड़ रुपये

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण अपना बकाया वसूलने के लिए सेक्टर-75 तथा सेक्टर-46 स्थित दो परियोजनाओं के अनसोल्ड प्रॉपर्टी को नीलाम करेगा। इसमें डेवलपर की सेक्टर-46 जीएच-1 परियोजना में 122 फ्लैट्स की नीलामी की जाएगी। सेक्टर-75 जीएच इको सिटी में वाणिज्यिक भूखंड की लीज निरस्त कर वहां संपत्ति को अटैच कर नीलामी होगी। दोनों परियोजनाओं पर 2409.77 करोड़ बकाया है।

दरअसल प्रदेश सरकार ने बायर्स की रजिस्ट्री के लिए अमिताभ कांत की सिफारिश लागू की थी। इसके तहत बिल्डर कुल बकाया का 25 प्रतिशत राशि जमा कर रीलीफ ले सकता था। एम्स मैक्स गार्डेनिया (कंसोर्टियम) और गार्डेनिया एम्स डेवलपर्स बिल्डर (कंसोर्टियम) ने सिफारिश पर अपनी सहमति दी। लेकिन लाभ नहीं लिया और न ही 25 प्रतिशत धनराशि जमा की। ऐसे में प्राधिकरण ने दोनों परियोजनाओं के डेवलपर पर बड़ा एक्शन लिया। हालांकि ये दोनों परियोजनाओं की ओरिजन कंपनी और प्रोपराइटर एक ही है। जिसमें चार डायरेक्टर है।

प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टर-75 इको सिटी के लिए 6 लाख वर्गमीटर जमीन एम्स मैक्स गार्डेनिया डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड और सेक्टर-46 में ग्रुप हाउसिंग 01 में 51 हजार 700 वर्गमीटर जमीन गार्डेनिया एम्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को आंवटित की। दोनों का आवंटन साल 2009-2010 में किया गया। खास बात ये है दोनों के प्रोप्राइटर एक ही है। इन दोनों पर 31 दिसंबर 2023 तक क्रमश 1717.29 करोड़ और दूसरी पर 692.48 करोड़ रुपए बकाया है।

इको सिटी सेक्टर-75 में एम्स मैक्स गार्डेनिया प्रालि को 6 लाख वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई। इस जमीन का 50 प्रतिशत ग्रुप हाउसिंग , 5 प्रतिशत संस्थागत और 20 प्रतिशत वाणिज्यिक उपयोग के लिए था। यहां ग्रुप हाउसिंग में निर्माण किया जा चुका है। साथ ही लोग रह रहे है। डेवलपर ने वाणिज्यिक प्रयोग की भूमि करीब 60 हजार वर्गमीटर जमीन को 4 ब्लाक में बांटा और निर्माण कराया। इसमें कुछ प्रोजेक्ट निर्माणाधीन है।

कंपनी को 15 हजार 462 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से आंवटन किया गया। जिसमें कंपनी के प्रोपराइटर ने समय समय पर सबलीज करते हुए करीब 2 लाख 20 हजार 639 वर्गमीटर जमीन 11 कंपनियों को बेच दी। इन कपनियों ने पूरा पैसा एक्स मैक्स गार्डेनिया को दिया लेकिन डेवलपर ने पैसा प्राधिकरण में बकाया जमा नहीं कराया। यही नहीं आवंटी ने संस्थागत का 30378 वर्गमीटर में से 17511 वर्गमीटर सरेंडर कर दिया। जिससे प्राधिकरण को 95 करोड़ मिला।

यहां के ग्रुप हाउसिंग में 2566 यूनिट है। जिसमें 773 की रजिस्ट्री हई है। बाकि 1793 की रजिस्ट्री शेष है। इसी प्रकार सेक्टर-46 में गार्डेनिया एम्स डेवलपर को सेक्टर-46 में ग्रुप हाउसिंग बनाया। इनको बकाया के बारे में 5 जनवरी , 6 जनवरी 5 मार्च और 9 मई को बैठक में अवगत कराया। सेक्टर-46 में कुल 1586 फ्लैट है। जिसमें से एक भी फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। प्राधिकरण ने एम्स मैक्स गार्डेनिया से बकाया वसूलने के लिए बकायदा 30 मई 2018 को एक कंपनी क्यूरी एंड ब्राउन इंडिया नाम की एक फर्म हायर की। डेवलपर और फर्म के बीच उसी दिन एमओयू भी साइन कराए गए। इसके अलावा अदालत के आदेश के बाद भी डेवलपर ने बकाया जमा नहीं किया।

# स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है स्वच्छ पर्यावरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पर्यावरण संरक्षण स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर होता है। स्वच्छ वायु पेड़ लगाने और प्रदूषण कम करने के प्रयासों से वायु गुणवत्ता में सुधार होता है। जिससे सांस संबंधी बीमारियों जैसे अस्थमा और ब्रोंकाइटिस में कमी आती है। यह बातें फेलिक्स हॉस्पिटल के डॉ रश्मि गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कही।

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा 1972 में की गई थी, और पहली बार 1974 में इसे मनाया गया।

हर साल, इस दिन के लिए एक विशेष थीम चुनी जाती है जो पर्यावरण संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करती है। अलग-अलग देश हर साल इस दिन की मेज़बानी करते हैं और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिसमें वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रैलियां, और पर्यावरणीय सेमिनार शामिल हैं। पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना। आम जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में शामिल करना। विभिन्न मुद्दों पर सरकारों और संगठनों को कार्य करने के लिए प्रेरित करना। विश्व पर्यावरण दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है जो हमें याद दिलाता है कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कदम उठाएं। पर्यावरण दिवस मनाने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने से लोग अधिक जिम्मेदार बनते हैं और पर्यावरण संरक्षण के उपाय अपनाते हैं, जिससे दीर्घकालिक रूप से स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।





स्वच्छ जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ती है। जिससे जल जनित बीमारियों में कमी आती है। हरियाली बढ़ाने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। हरियाली से घिरे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में तनाव और अवसाद की समस्या कम होती है। जैविक खेती और रासायनिक उर्वरकों का कम उपयोग करने से स्वास्थ्यवर्धक भोजन की उपलब्धता बढ़ती है, जो लोगों की पोषण स्थिति में सुधार लाता है। स्वच्छ और हरियाली युक्त वातावरण में लोग अधिक शारीरिक गतिविधि करते हैं, जैसे चलना, दौड़ना या साइकिल चलाना, जिससे उनकी शारीरिक फिटनेस बेहतर होती है। पर्यावरण संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे अस्तित्व और भविष्य की पीढ़ियों की भलाई के लिए आवश्यक है। स्वच्छ वायु, जल और मिट्टी हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

प्रदूषित वातावरण बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।पर्यावरण संरक्षण से वन्यजीवों और पौधों की विभिन्न प्रजातियों की सुरक्षा होती है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र संतुलित रहता है। पानी, मिट्टी, और खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भविष्य में उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करता है।पर्यावरण संरक्षण से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम किया जा सकता है, जो जलवायु परिवर्तन को धीमा कर सकता है। स्वस्थ पर्यावरण से कृषि, मत्स्य पालन, और पर्यटन जैसे उद्योगों को समर्थन मिलता है, जो अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्वच्छ और हरित वातावरण लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है। पर्यावरण संरक्षण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है ताकि वे एक स्वस्थ और समृद्ध ग्रह पर जीवन यापन कर सकें। स्वच्छ पर्यावरण के इन लाभों को देखते हुए, हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

## इसलिए जरूरी है पर्यावरण संरक्षण

### स्वास्थ्य पर प्रभाव

स्वच्छ पर्यावरण से वायु और जल की गुणवत्ता में सुधार होता है, जिससे विभिन्न बीमारियों जैसे अस्थमा, हृदय रोग और जलजनित रोगों की संभावना कम हो जाती है।

### प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण

स्वच्छ पर्यावरण प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और उनके टिकाऊ उपयोग को सुनिश्चित करता है, जिससे हमारी भावी पीढ़िया भी इन संसाधनों का लाभ उठा सकें।

### जैव विविधता की सुरक्षा

पर्यावरण की स्वच्छता से वन्य जीवों और पौधों की विभिन्न प्रजातियों का संरक्षण होता है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र स्थिर और स्वस्थ रहता है।

### अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

स्वच्छ पर्यावरण पर्यटन और कृषि जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है, जिससे आर्थिक विकास होता है। प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य देखभाल और सफाई पर होने वाले खर्चों में भी कमी आती है।

### जीवन की गुणवत्ता में सुधार

स्वच्छ पर्यावरण हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है, जिससे हमें स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिलता है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।



डीडीआरडब्लूए अध्यक्ष एन.पी. सिंह व अनिल कुमार सिंह व महीपाल सिंह व सुरेन्द्र प्रसाद के द्वारा रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करने पर गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सासंद डा.महेश शर्मा से मुलाकात कर जीत पर बुके देकर सम्मानित किया गया।



गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत पर डा. महेश शर्मा को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई देते भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष फोनरवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा धवलगिरी सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के महासचिव अशोक मिश्रा।

# प्रभात फेरी के साथ शनि जयंती मनाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-14ए स्थित श्री सिद्धपीठ शनि मंदिर पर आज शनि जयंती महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि यू-फ्लैक्स कंपनी के अध्यक्ष दिनेश जैन ने आरती उतारकर शनि प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। वहीं यू-फ्लैक्स के अध्यक्ष (वित्त) आनंद कनौडिया ने शनि भगवान की आरती उतार कर पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर श्री शनि सेवा समिति के अध्यक्ष मानसिंह चौहान, महामंत्री राजीव मिश्रा, उपाध्यक्ष उदय मिश्रा, प्रचार मंत्री राकेश सिंह, पूर्व मंत्री अजीत सिंह नागर, प्रदीप शर्मा, राम वशिष्ठ आदि उपस्थित थे।




पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन "खुली" ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-GS-2024-03 (Two Packet System), **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल बस्ती:- उत्तर प्रदेश के बस्ती स्टेशन पर विश्व-स्तरीय गुड्स शेड का विकास, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 36,52,28,979.14, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 19,76,200.00, **समापन अवधि:** 18 माह। **नोट:** (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-03 के लिये ई-निविदा दिनांक 26.06.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करे।

मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट
मुजाधि/डब्लू-98 लखनऊ

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


## पृष्ठ एक के शेष....

**नई सरकार के...**

हम लोगों के लिए काम करना शुरू करेंगे और विपक्ष को अगले चुनाव के बारे में सोचना होगा। विपक्ष को सरकार बनाने का सपना नहीं देखना चाहिए। टीडीपी और जेडीयू जैसे दलों की वजह से मोदी सरकार तीसरी बार सरकार बनाने की ओर बढ़ चुकी है।

वहीं उत्तर प्रदेश में भाजपा को मिले झटके के बाद भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी दिल्ली पहुंच चुके हैं। आज वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलेंगे।

**हिमाचल पानी छोड़...**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिमाचल प्रदेश 5 जून को हुई मीटिंग में शामिल था। हिमाचल प्रदेश ने कहा की जो अतिरिक्त पानी है वो उसे दिल्ली के साथ साझा करना चाहता है। 137 क्यूसेक पानी हिमाचल को कल शुक्रवार से जारी करने का आदेश देते है।

**नोएडा की एल्डेको...**

वहीं गाजियाबाद जिले में एसी फटने की दो घटनाएं सामने आई है जिससे आस-पास के इलाके में हडकंप मच गया है। गाजियाबाद जिला के वैशाली के एक घर में एसी ब्लास्ट हो गया। यह मकान दो मंजिला बना हुआ था जिससे पूरी बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। मामला आज सुबह (6 जून) का बताया जा रहा है। एसी के फटने से पहली और दूसरी मंजिल पर धू-धूकर आग लग गई जिससे आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना रणवीर सिंह नामक व्यक्ति ने दी। आग से कुछ सामान जल गया है। जबकि आग की ताप से कुछ सामान पिघलकर खराब हो गया है। इस पूरी घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसके अलावा गाजियाबाद जिले के पॉश इलाके वसुंधरा के सेक्टर-1 में स्थित सोसायटी के भी एक घर में एसी ब्लास्ट होने की घटना सामने आई है। जिसके कारण बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। जिसकी लपटे पहली और दूसरी मंजिल में जा पहुंची। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। वहीं सुरक्षा के लिहाज से एलपीजी कनेक्शन भी काट दिया गया। फिलहाल इस मामले में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली है।

# सोरखा में प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा करके भू-माफिया कर रहे हैं अवैध कब्जा!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर अतिक्रमण करने के मामले में प्राधिकरण के (जेई) अवर अभियंता ने 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि नामजद आरोपियों ने प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर सोरखा गांव में अतिक्रमण कर रखा है। बार-बार मना करने के बावजूद भूमाफिया मान नहीं रहे हैं।

पुलिस को दी शिकायत में अवर अभियंता निखिल मित्तल ने बताया कि सोरखा गांव जाहिदाबाद के खसरा संख्या-819 की अधिसूचित/ अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि है। इस भूमि पर विकास यादव, चिन्नू यादव, अमित, सचिन, महेश, सुरेश, रिंकू, सचिन, चेतन यादव, सोनू पहलवान, मिंदर यादव, रोहित, निशू यादव, अनिल यादव और रामू ने जबरन अवैध अतिक्रमण कर रखा है। भूमि पर 31 मई 2024 को मौके पर भूलेख विभाग के उच्चाधिकारी एवं संबंधित लेखपाल तथा वर्क सर्किल-6 द्वारा अवैध निर्माण को रुकवाया गया।

आरोप है कि ये लोग रात के अंधेरे में अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। इससे नोएडा का सुनियोजित विकास प्रभावित हो रहा है। विकास यादव समेत कई अन्य भूमाफियाओं पर पहले भी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में केस दर्ज हो चुका है। आरोप है कि कुछ लोग संगठित गिरोह बनाकर अर्जित और कब्जा प्राप्त भूमि पर नियमों को दरकिनार करते हुए कब्जा कर रहे हैं।

डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। नामजद आरोपियों में कुछ के खिलाफ पूर्व में ब्रह्मकुमारी आश्रम की संचालिका रिचा गुप्ता द्वारा मारपीट करने और जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में तीन मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी।


उत्तर मध्य रेलवे

**ई प्रापण निविदा सूचना संख्या:** 01/2024-25 **दिनांक:** 31.05.2024

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक वि.लो.शेड, झाँसी द्वारा निम्नलिखित मद के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र0.सं0.:** 01, **निविदा सं.:** 54245173A, **मात्रा:** 150 नग, **विवरण:** थ्रेड सीलेंट इन ए प्लास्टिक कंटेनर ऑफ़ 50 ML एज पर टेक्निकल स्पेसिफिकेशन गीवेन वेलो। एज पर टेक्निकल स्पेसिफिकेशन 1. विस्कोसिटी - 800-1000 CPS, 2. स्थैतिक शियर स्ट्रेंग्थ : 150-250 kg/sq.cm, 3. ब्रेअकवय टार्क : 150-300kg.cm, 4. प्रेवाल्लिंग टार्क:100-250 kg.cm, 5. गैप फिलिंग : 0.25mm, 6. सेटिंग टाइम : 05-20 Min, 7. टेम्परेचर रेजिस्टेंस :-60 °C to +180°C सिमिलर टू फेविकोल ANR 124 और loctite 243 एक्सेप्टेड मेक फेविकोल ANR 124

**निविदा खुलने की तिथि:** 01.07.2024, **नोट:** उपरोक्त ई प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। **958/24(DG)**

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना **दिनांक:** 01.06.2024

उप मुख्य इंजीनियर / निर्माण-।। झाँसी, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा, निविदा बंद होने की दिनांक 24.06.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित करते है।

**निविदा संख्या:** DY-CE-C-II-JHS-2024-01, **कार्य का नाम:** "18 महीने के लिए एडीईएन/एम/महोबा के तहत टेहरका - मउ रानीपुर के बीच ट्रैक (नई द्वितीय लाइन) का रखरखाव"।

**अनुमानित लागत:** Rs. 55,34,654.40 | **धरोहर राशि:** Rs. 1,10,700.00

**कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 18 माह हार्वेस्ट एवं मानसून सहित।

**वैधता की अवधि:** 60 दिन | **निविदा बंद होने का दिनांक व समय:** 24.06.2024 को 15:00 बजे

**नोट:** पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। **960/24 (P)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### रॉक्स हाईटेक लिमिटेड की वित्त वर्ष 24 की आय 32 प्रतिशत बढ़ी जबकि शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई , एजेंसी।** ग्राहक केंद्रित आईटी सॉल्यूशंस प्रदाता, रॉक्स हाईटेक लिमिटेड (एनएसई क्करॉक्स हाईटेक) ने वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है.इस पर टिप्पणी करते हुए रॉक्स हाईटेक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री जिम राकेश ने कहा, हमारा उल्लेखनीय प्रदर्शन उत्कृष्टता के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है. क्लाइंट की बढ़ती मांग पूरी करने में हमारा निपुण टेक्निकल प्रोवेश हमारे बिजनेस की सफलता की आधारशिला है. दो दशक से अधिक के अनुभव के साथ हमने स्वयं को व्यूहात्मक रूप से आईटी उद्योग की उभरती जरूरतों का समाधान करने की स्थिति में पहुंचाया है.

हमारे शानदार प्रदर्शन के अलावा मैंने सहर्ष एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के लिए डाटा और डाटाबेस माइग्रेशन को शामिल करते हुए एक डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन डील प्राप्त किया है. इस क्षेत्र में हमारा प्रवेश भावी ग्रोथ और विस्तार के लिए विभिन्न संभावनाएं शुरू होने का संकेत है. यह उपलब्धि आईटी उद्योग में निरंतर सफलता के लिए आधारशिला रखते हुए डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन प्रयासों के लिए विश्वसनीय सहयोगी के रूप में रॉक्स हाईटेक लिमिटेड की ख्याति को और बढ़ता है. इसके अतिरिक्त रॉक्स को यूरो ग्रुप द्वारा उनके बिजनेस प्रोसेस ऑटोमेशन के लिए पसंदीदा वेंडर के रूप में चुना गया है. यह सफलता कॉम्पलेक्स आईटी प्रोजेक्ट्स हैंडल करने में रॉक्स की एक्सपर्टीज को रेखांकित करती है और हमारे क्लाइंट के लिए उद्देश्यपूर्ण आईटी सॉल्यूशन डिलीवर करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करती है.

### नाइनटेक सिस्टम्स का वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में स्टैंडअलोन मुनाफा 159 प्रतिशत बढ़ा, मार्जिन में 800 बीपीएस का उछाल

**मुंबई, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और सॉल्यूशंस में सुविज्ञता रखने वाली नेक्स्टक्क्जेन टेक कंपनी, नाइन टेक सिस्टम्स लिमिटेड (एनएसईक्नाइंसिस /बीएसई 539843) ने वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए नाइनटेक सिस्टम्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नीरज गेमावत ने कहा, हम सहर्ष हमारे वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के परिणामों की घोषणा करते है. हमारा फोकस इनोवेशन को आगे बढ़ाने और विश्वभर के क्लाइंट को अपवादात्मक वैल्यू प्रदान करने पर बना हुआ है. गत वर्ष नाइनटेक के लिए परिवर्तनकारी रहा है. हमने व्यूहात्मक रूप से हमारी टेक्नोलॉजिकल क्षमताएं बढाई है और हमारे टैलेंट पूल का विस्तार किया है जिससे हम मार्केट के लिए अग्रणी सॉल्यूशंस लाने में समर्थ हुए है, जो हमारे ग्राहकों की बढ़ती हुई जरूरत पूरी करता है. इसके अतिरिक्त हमने यूरोप में हमारी उपस्थिति बढ़ाने के लिए नीदरलैंड्स में एक सब्सिडियरी की स्थापना की है. हमारा शानदार वित्तीय प्रदर्शन ना सिर्फ हमारी ऑपरेशनल ऑपरेशनल उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण को बल्कि हमारे क्लाइंट द्वारा हमारे प्रति दर्शाए गए मजबूत विश्वास को भी दर्शाता है. आगे देखने पर हम क्षितिज पर ग्रोथ सुअवसर के बारे में रोमांचित है. हमने हमारी सर्विस आफरिंग को निरंतर बढ़ाने और नए बाजारों में विस्तार करने की योजना बनाई है. उत्कृष्टता पीछे लगे रहने के हमारे अथक प्रयास के साथ हमारी व्यूहात्मक पहल ने आगामी वर्षों मे निरंतर ग्रोथ और लाभप्रदता के लिए हमें बेहतर स्थिति में पहुंचा है. मैं हमारे कर्मचारियों के प्रति उनके दृढ़ फैशन और समर्पण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जो हमारी सफलता के पीछे का वास्तविक ड्राइविंग फोर्स है.

# टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने स्पेक्ट्रम नीलामी की तारीख बढ़ाई, 6 जून की जगह अब 25 जून को होगा ऑक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने स्पेक्ट्रम नीलामी की समयसीमा 19 दिन आगे बढ़ाकर 25 जून कर दी है। विभाग की वेबसाइट पर मंगलवार को उपलब्ध सूचना से यह जानकारी मिली है। बोली के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस में किए गए संशोधन के मुताबिक, लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख छह जून से बदलकर 25 जून कर दी गई है।

सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ रुपए के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में उपलब्ध सभी स्पेक्ट्रम उपलब्ध हैं।

रिलायंस जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए 3000 करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा बयाना राशि जमा की है। इससे कंपनी मैक्सिमम रेडियो फ्रीक्वेंसी के लिए बोली लगा सकेगी। बोलीदाता के लिए पूर्व-पात्रता विवरण के मुताबिक, भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ रुपए और वोडाफोन आइडिया ने 300 करोड़ रुपए की बयाना राशि जमा जमा की है।

### 20 साल के लिए दिया जाएगा स्पेक्ट्रम

स्पेक्ट्रम 20 साल की अवधि के लिए दिया जाएगा और सफल बोलीदाताओं को 20 समान सालाना किस्तों में भुगतान करने की सुविधा होगी। टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने आगामी नीलामी के माध्यम से प्राप्त स्पेक्ट्रम को न्यूनतम 10 साल की अवधि के बाद वापस करने का विकल्प प्रदान किया है। अब 25 जून को देश में एक्टिव टेलीकॉम सर्विसेज प्रोवाइडर कंपनियां भारती एयरटेल, रिलायंस जियो इंफोकॉम, वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों को अगले 20 सालों के लिए 8 प्रकार के स्पेक्ट्रम बैंड के लिए बोली लगाने का मौका मिलेगा।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस में पीएनबी बेचेगा 10 प्रतिशत हिस्सेदारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक ने केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में बैंक की 10 प्रतिसत हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दे दी है। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को आई.पी.ओ. के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जाएगा। केनरा बैंक ने भी अपनी सब्सिडियरी केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में आई.पी.ओ. के जरिए हिस्सेदारी कम करने का फैसला किया है। बैंक ने 14.50 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दे दी है। वित्त वर्ष 2024 के आखिर तक केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में केनरा बैंक की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत थी। विदेशी सांझेदार के रूप में एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड के पास 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# रुपए पर पड़ी चुनावी नतीजों की मार, 45 पैसे टूटकर 83.59 प्रति डॉलर पर

**मुंबई एजेंसी।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत मिलने की संभावना कम होने से मंगलवार को शेयर बाजार में मचे हाहाकार के बीच रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 45 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.59 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर लुढ़क गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से निराशा और बढ़ गई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.25 पर कमजोरी के साथ खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 83.23 के ऊपरी और 83.59 के निचले स्तर के बीच झूलता रहा। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.59 के भाव (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 45 पैसे की बड़ी गिरावट है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.14 पर बंद हुआ था। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों की मंगलवार को हुई मतगणना में



भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए परिणाम उतने उत्साहजनक नहीं रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के अपने दम पर स्पष्ट बहुमत पाने की संभावना भी बहुत कम दिख रही है। इसका असर शेयर बाजार और विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार दोनों पर नजर आया।

शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''चुनाव परिणामों को लेकर अनिश्चितता पैदा होने के बीच घरेलू बाजारों में भारी गिरावट के कारण रुपये में बड़ी गिरावट आई। इसकी वजह से विदेशी निवेशकों ने भी कुछ बिकवाली की। अमेरिकी डॉलर निराशाजनक रोजगार आंकड़ों के कारण एक दिन पहले हुए नुकसान से उबर गया। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के खिलाफ डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़कर 104.25 पर पहुंच गया। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.89 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 4,389.73 अंक यानी 5.74 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 72,079.05 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी भी 1,379.40 अंक यानी 5.93 प्रतिशत गिरकर 21,884.50 पर बंद हुआ। सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 6,850.76 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

# स्ट्राइडर बाइक्स ने हासिल की 50 लाख साइकिल बेचने की उपलब्धि

### दो नई ई-बाइक के लॉन्च के साथ मनाया विश्व साइकिल दिवस का जश्न

**मुंबई, एजेंसी।** प्रतिष्ठित टाटा समूह की अंग और वहनीय मोबिलिटी समाधान प्रदान करने में अग्रणी, स्ट्राइडर बाइक्स ने मई 2024 के दौरान 50 लाख से अधिक की वैश्विक बिक्री की उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि भारत और विदेश में ग्राहकों को नवोन्मेषी, पर्यावरण अनुकूल गतिशीलता समाधान प्रदान करने के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, स्ट्राइडर ने पूरे भारत में 4000 से अधिक खुदरा दुकानों तक अपनी उपस्थिति बढ़ाई है और अपने निर्यात परिचालन को सार्क, अफ्रीका और मध्य पूर्वी देशों तक विस्तारित किया है।

स्ट्राइडर साइकिल के बिज़नेस हेड राहुल गुप्ता ने कहा, इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, स्ट्राइडर ने विश्व साइकिल दिवस पर दो नए ई-बाइक मॉडल- ज़ीटा और ज़ीटा प्लस 700सी लॉन्च किए हैं। ये ई-बाइक सभी ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक की शुरुआती छूट पर दी जाएंगी, जिसका उद्देश्य है तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन से जूझ रही दुनिया में वहनीय जीवन को बढ़ावा देना। ग्राहक पर ध्यान केन्द्रित करने और नवोन्मेष के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, इस उल्लेखनीय उपलब्धि की हमारी यात्रा के पीछे प्रेरक शक्ति रही है। हमने शहरी, ग्रामीण केंद्रों और वैश्विक बाजारों से मज़बूत मांग दर्ज की है।




नए मॉडल, ज़ीटा और ज़ीटा प्लस 700सी को वहनीय आवागमन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और बेहतर प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किया गया है। वहनीय आवागमन को और अधिक सुलभ बनाने के लिए, स्ट्राइडर दोनों मॉडलों पर शुरुआती छूट दे रहा है। ज़ीटा की कीमत सीमित अवधि के लिए 24,995 रुपये और ज़ीटा प्लस 700सी की कीमत 27,795 रुपये है। ज़ीटा मॉडल रोमांच चाहने वाले लोगों के लिए है और यह 25 किमी तक की रेंज प्रदान करता है, जबकि ज़ीटा प्लस 700सी, युवा पेशेवरों के लिए 30 किमी तक की रेंज प्रदान करता है।

# एशियन पेंट्स ने 'नियोभारत द्वारा पेश की गयी स्कॉलरशिप' लॉन्च की

### एशियन पेंट्स ने नियोभारत की ओर से दी जाने वाली क्रिकेट स्कॉलरशिप के साथ नए क्रिकेटरों के लिए राह आसान कर दी है

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ीपेंट और डेकॉर कंपनी, एशियन पेंट्स, ने 5 से 14 साल*के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर'नियोभारत द्वारा पेश की गयी स्कॉलरशिप' लॉन्च की। यह पहल उनके ब्रांड के सिद्धांत - 'हर घर खेलेगा, हर घरखिलेगा को दर्शाती है, इससे हर घर में प्रगति और विकास के अवसर पहुंचाने के उनके गंभीर संकल्प का पता चलता है। इस नए अभियान के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली के साथ, एशियन पेंट्स का लक्ष्य माता-पिता और बच्चों को इस अवसर का लाभ उठाने और क्रिकेट स्कॉलरशिप के लिए नाम लिखवाने के लिए प्रेरित करना है।

यह पहल टियर 2 और टियर 3 मार्केट में भारतीयों की उम्मीदों को मजबूत बनाने के नियोभारत के विचार का हिस्सा है। इसका उद्देश्य उभरती हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को खोजना और उनको सुविधाएं उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें अपने खेल को बेहतर बनाने और अपने जुनून को आगे बढ़ाने का मौका




मिल सके। नियोभारत द्वारा दी जाने वाली इस क्रिकेट स्कॉलरशिप में 100 होनहार युवाओं में से प्रत्येक को 2 लाख रुपये की स्कॉलरशिप मिलेगी। प्रतियोगियों का मूल्यांकन दो पूर्व क्रिकेटरों द्वारा, खेल के प्रोफेशनल सेटअप में हुनर के आधार पर किया जाएगा। नियोभारत क्रिकेट स्कॉलरशिप पर बात करते हुए, एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ, अमित सिंगल, ने कहा, एशियन पेंट्स में हमारा लक्ष्य यही है कि हम घरों को सुंदर बनाने में लोगों की मदद करके उनके जीवन में खुशियां लाएं। नियोभारत के साथ प्रगतिशील भारत की आकांक्षाओं को समर्थन देकर हम इस कैटेगरी को सभी लोगों तक पहुंचा रहे हैं। नियोभारत द्वारा दी जाने वाली यह क्रिकेट स्कॉलरशिप बदलाव और आगे बढ़ने में योगदान देने के हमारे संकल्प को दर्शाती है। इस पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उभरते क्रिकेटरों को ऐसी विरासत बनाने के लिए मजबूती देना है जो हर भारतीय घर की भावना को दिखाए। क्रिकेट स्कॉलरशिप पर बनी यह ऐड फिल्म इस भावना को ही दिखाती है। इसकी शुरुआत बच्चों द्वारा क्रिकेट खेलने की तैयारी से होती है और उनका स्वागत महान क्रिकेटर विराट कोहली करते हैं। उनकी मौजूदगी से एक नयी उम्मीद जगती है क्योंकि वह युवा खिलाड़ियों को नए भारत की चमक को निखारने के लिए प्रेरित करते हैं। नियोभारत पेंट की बदलाव लाने की क्षमता के प्रतीक के रूप में, कोहली अपने पेंट ब्रश के एक स्ट्रोक से फीकी इमारत की दीवारों में जान भर देते है, जिससे शहर में एक नई ऊर्जा आ जाती है। यह ऐड फिल्म नियोभारत द्वारा दी जाने वाली क्रिकेट स्कॉलरशिप से घरों में बदलाव आने और क्रिकेट प्रतिभा में निखार को दर्शाती है तथा युवा एथलीटों के जीवन को बदलने का मौका देती है। हमारी ऐड फिल्म, जिसके एम्बेसडर विराट कोहली हैं, नियोभारतद्वारा दी जाने वाली क्रिकेट स्कॉलरशिप के माध्यम से भारत के सपनों को पंख देने की हमारी महत्वाकांक्षा को खूबसूरती से दर्शाती है।

# 10 देशों के पास है दुनिया में सबसे ज्यादा सोना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल में यूके में रखें गोल्ड में 100 टन भारत में वापस मंगवा लिया। आरबीआई के इस कदम के बाद हर कोई जानना चाहता है कि दुनिया में सबसे ज्यादा सोना किस देश के पास है। आज हम आपको टॉप-10 देशों के बारे में बताएंगे जिनके पास सबसे ज्यादा गोल्ड रिजर्व है। सोने का सबसे ज्यादा भंडार अमेरिका के पास है। गोल्ड रिजर्व वाले देशों की लिस्ट में अमेरिका टॉप पर आता है। अमेरिका के पास लगभग 8133.46 टन सोना है। गोल्ड रिजर्व में दूसरे नंबर पर जर्मनी आता है। जर्मनी के पास करीब 3352.31 टन सोना है। पिछले कारोबारी साल की आखिरी तिमाही में फ्रांस के गोल्ड रिजर्व में कमी आई थी। आखिरी तिमाही में कमी आने के बावजूद गोल्ड रिजर्व की लिस्ट में फ्रांस चौथे नंबर पर आता है। फ्रांस के पास करीब 2,436.88 टन गोल्ड है। लिस्ट में पांचवें नंबर पर रूस आता है।

# सुरक्षा ग्रुप ने जेपी इंफ्राटेक का किया टेकओवर, जल्द पूरा होगा 20,000 होमबायर्स का सालों पुराना सपना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 20,000 से ज्यादा होमबायर्स बड़ी राहत मिली। सुरक्षा ग्रुप ने जेपी इंफ्राटेक का अधिग्रहण कर लिया है। आपको बता दें कि जेपी इंफ्राटेक कर्ज में डूब गई थी। अब सुरक्षा ग्रुप के टेकओवर करने के बाद होमबायर्स को राहत मिलेगी। उम्मीद है कि इस टेकओवर के बाद जल्द ही दिल्ली-एनसीआर में रुकी हुई आवास परियोजनाएं दोबारा शुरू हो जाएगी। प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए सुरक्षा ग्रुप अब 125 करोड़ रुपये का फंड लगाएगा।

यह अधिग्रहण दिवालिया अपीलीय न्यायाधिकरण के 24 मई के फैसले के बाद हुआ है। एनसीएलटी के फैसले में जेपी इंफ्राटेक के अधिग्रहण के लिए सुरक्षा रियल्टी की बोली को बरकरार रखा गया था, जबकि उसे किसानों के मुआवजे के रूप में अतिरिक्त 1,334 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। जेपी इंफ्राटेक द्वारा एक नियामक फाइलिंग के अनुसार सुरक्षा ग्रुप ने आईएमसी (कार्यान्वयन और निगरानी समिति) को सूचित किया कि 24 मई, 2024, यानी, एनसीएलएटी आदेश की तारीख को अनुमोदन तिथि के रूप में




माना जाना चाहिए। आईएमसी ने मंगलवार को हुई अपनी बैठक में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में सुधीर वी वालिया की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। बोर्ड ने कार्यकारी निदेशक के रूप में आलोक चंपक दवे और स्वतंत्र निदेशक के रूप में उषा अनिल कदम की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि सुरक्षा ग्रुप 15 जून तक जेपी इंफ्राटेक में 125 करोड़ रुपये का इक्विटी फंड लगाएगा और जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू करेगा। यह शेड्यूल के मुताबिक वायईआईडीए को भुगतान करना भी शुरू कर देगा।

एनसीएलटी ने मार्च 2023 से अपने फैसले को बरकरार रखा। एनसीएलएटी ने 24 मई को कहा था। किसी भी देरी से बचने और सभी हितधारकों के हितों का ख्याल रखने के लिए यह निर्णय लिया गया था। एनसीएलटी ने घर खरीदारों और किसानों के अतिरिक्त मुआवजे के लिए यमुना एक्सप्रेस विकास प्राधिकरण वायईआईडीए का दावा किया।

जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया अगस्त 2017 में आइडीबीआई बैंक के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के एक आवेदन पर शुरू की गई थी।

# सर्विस सेक्टर की ग्रोथ पर भीषण गर्मी का असर, 5 महीने के निचले स्तर पर पीएमआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है।

# मारुति सुजुकी की एनर्जी सेक्टर में एंट्री, नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट में 450 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि वह सौर ऊर्जा और बायोगैस से जुड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश करेगा। कंपनी ने तीन साल की अवधि में 450 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। एफवाय24 में कंपनी ने वर्टिकल में 120.8 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2025 से शुरू होने वाले तीन वर्षों में इस निवेश को लगभग चार गुना बढ़ाकर 450 करोड़ रुपये तक पहुंचाएगी।

मारुति सुजुकी के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी टेकुची ने कहा जैसा कि हम 2030-31 तक अपनी उत्पादन क्षमता लगभग 2 मिलियन से बढ़ाकर 4 मिलियन कर रहे हैं। ऐसे में हम अपने परिचालन में टिकाऊ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयासों में भी तेजी ला रहे हैं। जिस तरह कंपनी उत्पादों में कई




प्रौद्योगिकियां ला रही है, उसी तरह वह परिचालन को हरित बनाने के लिए कई नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

कंपनी ने कहा कि उसने घरेलू खाद्य अपशिष्ट की अप्रयुक्त क्षमता का उपयोग करते हुए वित्त वर्ष 2025 में अपनी मानेसर सुविधा में एक पायलट बायोगैस प्लांट शुरू किया है। इस प्लांट को प्रतिदिन 0.2 टन बायोगैस का उत्पादन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एफवाय25 में अनुमानित उत्पादन लगभग 1 लाख मानक घन मीटर बायोगैस है। इस बायोगैस प्लांट से प्रति वर्ष लगभग 190 टन सीओ2 की भरपाई होगी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी सौर क्षमता को 43.2 मेगावाट तक विस्तारित किया। कंपनी ने कहा कि अगले दो वर्षों में अपने मानेसर प्लांट में 15 मेगावाट और आगामी खरखौदा प्लांट में 20 मेगावाट सौर क्षमता जोड़ने की राह पर है। इससे एफवाय26 तक कुल सौर क्षमता बढ़कर 78.2 मेगावाट हो जाएगी। आज मारुति सुजुकि के शेयर तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।

## खास खबर


### पोंटिंग बोले- वार्नर 'स्वाभाविक विजेता', आप उन्हें टीम में रखना चाहेंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर मौजूदा टी20 विश्व कप के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करेंगे। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इस अनुभवी बल्लेबाज को 'स्वाभाविक विजेता' बताया और कहा कि 37 वर्षीय वार्नर के संन्यास लेने के बाद उन्हें ही नहीं उनके द्वारा बनाए गए रनों के लिए याद किया जाएगा। वनडे और टेस्ट क्रिकेट को पहले ही अलविदा कह चुके वार्नर ने इस साल की शुरुआत में पुष्टि की थी कि 2024 का टी20 विश्व कप उनके शानदार करियर का समापन होगा। उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच 2023 में भारत के खिलाफ विश्व कप में खेला था जबकि उनका टेस्ट करियर पाकिस्तान के खिलाफ शानदार घरेलू सीरीज के साथ समाप्त हुआ जिसमें उन्होंने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया।

ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप अभियान के समाप्त होने पर वॉर्न का राष्ट्रीय कर्तव्य से चरण-दर-चरण संन्यास पूरा हो जाएगा। पोंटिंग ने कहा, वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे आप अपनी टीम में रखना चाहते हैं, खास तौर पर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। और वह उन स्वाभाविक विजेताओं में से एक है। वह जो कुछ भी करता है, वह जीतना चाहता है। आप मैदान में उसके रवैये और उसके क्रिकेट खेलने के तरीके से यह देख सकते हैं। इसलिए वार्नर के चले जाने के बाद हम सिर्फ रन बनाने से ज्यादा कुछ खो देंगे। लेकिन उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की गहराई इतनी अच्छी है कि कोई ऐसा व्यक्ति आ सकता है जो उस कमी को पूरा कर सके।

### पैट कमिंस मेजर लीग क्रिकेट से जुड़े, इस टीम से किया चार साल का करार



मेलबर्न (एजेंसी)। तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी20 लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा, 'एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान कमिंस अब तक सिर्फ एक विदेशी लीग आईपीएल में खेले हैं। वह 2018-19 सत्र से ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में भी नहीं खेले। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून-जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे।

### पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका, इमाद वसीम के अमेरिका के खिलाफ पहले मैच से बाहर

न्यूयार्क (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार 6 जून को अमेरिका के खिलाफ डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में होने वाले मैच से में स्पिनर इमाद वसीम के बाहर होने की जानकारी दी है। पीसीबी ने कहा, %इमाद वसीम गुरुवार के मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें पीसीबी मेडिकल टीम ने आराम करने की सलाह दी है। पिछले महीने लंदन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के चौथे और अंतिम टी20 मैच से पहले नेट पर बल्लेबाजी करते समय इमाद वसीम को अपनी दाहिनी पसली में दर्द हुआ था। इमाद ने 30 मई को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में हिस्सा नहीं लिया। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने एहतियाती कदम उठाया है, क्योंकि उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि बाएं हाथ के स्पिनर के 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के बड़े मुकाबले के लिए उपलब्ध होने की संभावना है। इमाद वसीम ने टी20 विश्व कप से पहले खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के अपने फैसले को पलट दिया। बाएं हाथ के स्पिनर ने आखिरी बार 2021 में टी20 विश्व कप खेला था, ने अप्रैल में सीनियर राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद से पाकिस्तान के लिए इतने ही मैचों में 6 विकेट लिए।

## लानत है...! 25 डॉलर में बिक गई बाबर आजम की पाकिस्तानी टीम, प्राइवेट पार्टी में देगी स्पेशल ट्रीटमेंट

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम और खिलाड़ी लगातार विवादों में फंसते रहते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत से पहले पाकिस्तानी टीम ने अमेरिका में एक प्राइवेट डिनर का आयोजन किया। जहां उन्होंने फैंस को 'मिल एंड ग्रीट' के लिए बुलाया। लेकिन इस डिनर में शामिल होने के लिए 25 अमेरिकी डॉलर चार्ज किया गया। इस बात से पाकिस्तानी क्रिकेट जगत के कई लोग नाराज हैं। टीम को अमेरिका के खिलाफ 6 जून को अपना पहला मैच खेलना है।



### हैरान हैं पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी

पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल राशिद लतीफ ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और खिलाड़ियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की आलोचना की। राशिद लतीफ के वीडियो के अनुसार, फैंस को 25 डॉलर का भुगतान करने पर ही डिनर के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से मिलने की अनुमति दी गई थी। वीडियो में राशिद लतीफ और अन्य लोग इस विचार से हैरान थे।

वीडियो में राशिद लतीफ कहते हैं, आधिकारिक डिनर होते हैं, लेकिन ये एक निजी डिनर था। ये कौन कर सकता है? ये बहुत गलत है। इसका मतलब है कि आप 25 डॉलर में हमारे खिलाड़ियों से मिले। ऊपर वाला ना करे, अगर कोई गड़बड़ी हो जाती तो लोग कहते खिलाड़ी पैसा कमाने में लगे हैं।

### फीस लेना समझ ही नहीं आया

राशिद लतीफ ने ये भी कहा कि वो चैरिटी डिनर आयोजित समझ आता है। लेकिन फीस के साथ निजी डिनर उनकी समझ से परे है। वह आगे कहते हैं, लोग मुझे बताते हैं कि जो कोई भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को बुलाता है, वो बस पूछते हैं आप कितना पैसा देंगे? ये आम बात हो गई है। हमारे समय में चीजें अलग थीं, हमारे 2-3 डिनर होते थे लेकिन वो आधिकारिक होते थे। लेकिन ये इसलिए चर्चा में आया है क्योंकि ये वर्ल्ड कप है। इसलिए खिलाड़ियों को सावधान रहना चाहिए। 25 डॉलर की रकम का इस तरह खुलेआम इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। आप चैरिटी डिनर और फंड जुटाने के कार्यक्रमों में जा सकते हैं, लेकिन ये न तो फंड जुटाने का कार्यक्रम है और न ही चैरिटी डिनर। ये एक निजी कार्यक्रम है जिसके साथ पाकिस्तान और पाकिस्तानी क्रिकेट का नाम जुड़ा हुआ है। ये गलती मत करो।

## मैंने कोशिश की... दिल की हर बात कह दी




### राहुल द्रविड़ के बारे में बात करते हुए भावुक हुए रोहित

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ रोकने की पूरी कोशिश की है। द्रविड़ ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया था कि टी20 विश्व कप भारतीय टीम के साथ उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। रोहित इसके एक दिन बाद राष्ट्रीय टीम में अपने पहले कप्तान के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। गौतम गंभीर को द्रविड़ के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने इस पद के लिए आवेदन किया है या नहीं।

रोहित ने टी20 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले कहा, मैंने उन्हें रोकने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन जाहिर तौर पर ऐसी कई चीजें हैं जिनका उन्हें ध्यान रखना होगा। मैंने व्यक्तिगत रूप से उसके साथ अपने समय का आनंद लिया। रोहित ने इस मौके पर अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राहुल की कप्तानी में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू किया था।

### राहुल द्रविड़ टीम इंडिया में मेरे पहले कप्तान थे

उन्होंने कहा, जब मैंने आयरलैंड में डेब्यू किया था तो वह मेरे पहले अंतरराष्ट्रीय कप्तान थे। जब मैं टेस्ट मैचों के लिए टीम में आया था तब मैंने उन्हें करीब से खेलते हुए देखा था। वह हम सभी के लिए इतने बड़े आदर्श रहे है। उन्होंने कहा, बड़े होते हुए, हमने उन्हें खेलते हुए देखा है और हम जानते हैं कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से एक खिलाड़ी के रूप में क्या हासिल किया है। हम पिछले कुछ सालों में टीम के लिए उनके योगदान की सराहना करते है।

रोहित ने 'वॉल' का जिक्र करते हुए कहा, वह टीम को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिए जाने जाते हैं। रोहित-द्रविड़ युग में भारत अभी तक कोई वैश्विक ट्रॉफी नहीं जीत सका है लेकिन टीम के विकास में मुख्य कोच का योगदान बहुत बड़ा है।

### मैंने राहुल द्रविड़ से बहुत कुछ सीखा- रोहित

रोहित ने कहा, उन्होंने अपने पूरे करियर में बहुत मजबूती दिखाया है और जब वह एक कोच के रूप में यहां आए, तो मैं उनसे सीखना चाहता था। यह बहुत फलदायी रहा है। बड़ी ट्रॉफी के अलावा, हमने सभी प्रमुख टूर्नामेंट और सीरीज जीतीं। उनके साथ काम करते हुए मैंने हर चीज का आनंद लिया है। हमने यह तय करते हुए कि टीम को किस दिशा में जाना है। द्रविड़ ने नवंबर 2021 में टीम की कमान संभाली थी।

### रोहित शर्मा ने माना- विश्व कप में टीम इंडिया के लिए स्पिनर्स ही तारणहार

आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के अपने पक्ष के पहले मैच से पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मौजूदा मार्की इवेंट में स्पिनर्स तारणहार की भूमिका निभाते हुए आएंगे। टीम इंडिया ने बुधवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड से भिड़ना है। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए रोहित ने कहा कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा वे इस बारे में सोचेंगे कि ऑलराउंडरों का उपयोग कैसे किया जाए। रोहित ने कहा कि स्पिनरों को एक बड़ी भूमिका निभानी होगी। हमारे स्पिनर ऑलराउंडर हैं, अक्षर और जडेजा। टीम के अच्छे संतुलन के लिए उनकी आवश्यकता है। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों में हमारे पास हार्दिक और शिवम हैं। हमारे पास जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा, हम इस बारे में सोचेंगे कि टूर्नामेंट में उनका उपयोग कैसे किया जाए।

## टी-20 वर्ल्ड कप

### भारत-पाक मुकाबले पर अफरीदी ने कहा- यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता



न्यूयॉर्क (एजेंसी)। पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय 'सुपर बाउल' के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी। दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे।

टी20 विश्व कप के एम्बेसडर अफरीदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, 'वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान का मैच हमारे सुपर बाउल की तरह है। उन्होंने कहा, 'मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना ??है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है। जब मैं उन मुकाबलों में खेलता था, तो मुझे भारतीय प्रशंसकों से बहुत प्यार और सम्मान मिलता था और यह दोनों टीमों के लिए बहुत मायने रखता है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, 'भारत के खिलाफ यह मौके के दबाव से निपटने के बारे में है। दोनों टीमों में बहुत प्रतिभा है, उन्हें बस उस दिन एकजुट होने की जरूरत है। इस मैच में और पूरे टूर्नामेंट में यही होगा। जो टीम अपना धैर्य बनाए रखेगी, वह जीतेगी। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप के सह मेजबान हैं। सुपर आठ चरण और नॉकआउट मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अफरीदी ने कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में प्रबल दावेदार का चयन करना मुश्किल है।

## नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन से हटे, इस वजह से लिया फैसला



पेरिस (एजेंसी)। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और गत फ्रेंच ओपन चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने घुटने की चोट के कारण मंगलवार को क्वार्टरफाइनल से पहले टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया।

साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं। उल्लेखनीय है कि नोवाक जोकोविच को सोमवार को हुए मुकाबले में अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के साथ हुए मैच के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई थी।

## नीदरलैंड ने नेपाल को 6 विकेट से हराया, मैक्स ओ-डॉड ने बनाए 54 रन

न्यूयार्क (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के तहत ग्रुप डी के मैच में नीदरलैंड ने नेपाल को 6 विकेट से हरा दिया। नेपाल की टीम पहले खेलने उतरी थी लेकिन 106 रन ही बना पाई। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड ने मैक्स ओ-डॉड के 54 रनों की बदौलत 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। विक्रमजीत सिंह ने 22 और साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने 14 रनों का योगदन दिया।

इससे पहले टिम प्रिंगल और लोगन वैन बीक की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से नीदरलैंड ने नेपाल को 19.2 ओवर में 106 रन पर समेट दिया। प्रिंगल ने 20 रन देकर तीन जबकि वैन बीक ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पॉल वैन मीकरेन और बास डलीडे को दो-दो सफलता मिली। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया और लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते रहे।

### संन्यास की पूर्व संध्या पर बोले सुनील छेत्री

## यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं है




कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी।

फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'यह मेरे और मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं है। मैं इसे इस तरह से नहीं देखता हूं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं। यह आसान नहीं होने वाला है, लेकिन हम तैयार हैं। हमें जबरदस्त समर्थन मिलेगा।

इस 39 साल के स्ट्राइकर ने अपने आगे की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'अगर हम कल जीतते हैं तो हम लगभग क्वालीफाई (तीसरे चरण के लिए) कर लेंगे। हमें घरेलू और विदेशी सरजमीं पर पांच-पांच मैच खेलने का मौका मिलेगा। मैं अच्छे सूट पहनूंगा और जहां भी टीम खेलेगी वहां मैच देखूंगा। छेत्री ने कहा, 'मैं हर दिन टीम के खिलाड़ियों से बात करता हूं। मैं उन्हें इस सपने के बारे में बताता रहता हूं। मुकाबले से पहले लंबा शिविर मददगार होता है। आपके पास टीम की खामियों को दूर करने के लिए अधिक समय होता है। छेत्री से जब पूछा गया कि वह संन्यास के अपने फैसले पर फिर से विचार कर सकते हैं तो उन्होंने इसका ना में जवाब दिया। देश के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, 'नहीं सर, मेरे सूट तैयार हो गए हैं और अब मैं टीम के खिलाड़ियों के खेल का लुत्फ उठाउंगा। मैंने इसके बारे में बहुत सोचा है। मेरी 19 साल की यात्रा बहुत अच्छी रही। टीम जहां भी जाएगी, मैं एक प्रशंसक के तौर पर जाऊंगा और टीम का समर्थन करूंगा। इस मौके पर भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि उन्हें टीम की तैयारियों पर पूरा विश्वास है।



# थायराइड
## भी हो सकता है थकान का कारण

क्या आपके साथ भी ऐसे होता है कि आप सारा दिन काम करते करते इतना थक जाती है कि आप अपना मनपंसद टी.वी शो भी अच्छी तरह से नहीं देख पाती और घर में हमेशा थका-थका महसूस करती है। घर पर सीढियां चढ़ने के वक्त,कोई भी काम करने के वक्त या बैड से उठने के वक्त भी ऐसा महसूस होना कि जितनी नींद हमने ली है वो अभी भी पर्याप्त नहीं है। स्वस्थ ऊर्जा का निर्माण स्वास्थ्यवर्द्धक पाचन प्रणाली से शुरू होता है।विटामिन बी की कमी से भी थकान महसूस होती है। हल्की थकान तथा गंभीर थकान में से आप खुद को किसका शिकार महसूस करती हैं और वास्तव में आपके साथ गलत क्या हो रहा है ?

- थकावट महसूस होने के कई कारण हो सकते है। जब भी शरीर में थकावट महसूस हो तो थोड़ा इधर-उधर टहल कर आप अपनी थकावट को दूर कर सकती है।जब आप थकी होती हैं तो आपका मैटाबोलिक रेट कम हो जाता है और आप कम कैलोरीज बर्न करती हैं। इसी कारण आपको थकावट महसूस होती है। कसरत करने से भी आप सारा दिन बेहतर महसूस करेंगी और काम करने के बाद भी थकावट कम महसूस होगी।
- हमारे शरीर में थकान महसूस होने के कई कारण हो सकते है। कई बार विटामिन्स की कमी होने पर भी हम कोई भी काम करने के बाद थकावट महसूस करते है। आयरन की कमी होने पर भी थकान महसूस होती है। यदि आपको अपनी त्वचा पीली दिखाई दे, अपनी धड़कन तेज महसूस हो और चिड़चिड़ापन महसूस हो तो आयरन से भरपूर डाइट आपको इस समस्या से निजात पाने में सहायक हो सकती है।
- अपने वातावरण को ताजा बनाए रखें और बोर होने से बचें जब भी आप बोर हो रही हो तो संगीत का लुत्फ उठा सकती है और बोरियत आपके मूड को प्रभावित करती है।
- आपकी थकावट का कारण थायराइड भी हो सकता है। सुबह के समय थकान थायराइड की कमजोर कार्यप्रणाली का चिन्ह हो सकती है। इसलिए थायराइड की जांच अवश्य करवाएं।
- भरपूर नींद न लेने की वजह से भी आप सारा दिन थकान महसूस कर सकती है।शरीर के लिए भरपूर नींद लेना भी बहुत जरूरी होता है। इसलिए रात के समय कम से कम 8 घंटे नींद लेना जरूरी है और दिन के समय बीच में कम से कम 20-30 मिनट की नींद जरूर लें ।
- दिन में भारी भोजन करने की बजाय अपने भोजन में साबुत अनाज, ओट्स, अंकुरित खाद्य तथा बहुत सारी सब्जियां तथा फल शामिल करें।



# ताकि दर्द में न बीतें सर्दियां

सर्दियों में जुकाम और खांसी से बचकर रहें सर्दियों में जुकाम और खांसी से बचकर रहें

सर्दियों को वैसे तो खाने पीने और घूमने फिरने का मौसम माना जाता है, लेकिन हेल्थ प्रॉब्लम्स भी इस मौसम में परेशान करती हैं। अब जब सर्दियों ने दस्तक दे ही दी है, तो क्यों न इस मौसम की दिक्कतों से बचने के लिए हम पहले से ही करते चलें बचाव के इंतजाम। यहां पर कुछ हेल्थ टिप्स दिये हुए हैं, जिन्हें आप सर्दियों में फिट रहने के लिये इस्तेमाल कर सकती हैं -

### सर्दी, जुकाम, खांसी

इस मौसम की कॉमन प्रॉब्लम है सर्दी, जुकाम और खांसी। अगर आपको हर दिन सुबह उठते ही छींक आती है और जुकाम जैसा लगता है, तो परेशान होने की कोई जरूरत नहीं। यह प्रॉब्लम होती है एलर्जी की वजह से और एलर्जी से आप तभी बचकर रह सकती हैं, जब आप हेल्दी डाइट लेंगी।

### वायरल के लक्षण हैं

सिर दर्द, आंखों से पानी बहना, बदन टूटा सा लगना वगैरह। इसके इलाज के लिए बैलेंस डायट लेना जरूरी है। विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स की सही मात्रा होनी चाहिए। खाने में फल और हरी सब्जियां ज्यादा हों।

### क्या करें

अपनी डेली डायट में सेब, मौसमी फल, अंगूर और फिश को शामिल करें। ये प्रॉब्लम्स एलर्जी की वजह से होती हैं और ये फूड आपको एलर्जी से बचाए रखेंगे। इसके अलावा गर्मागर्म ब्लैक टी भी आपको इस प्रॉब्लम से दूर रखने में हेल्प करेगी। अगर आप इस प्रॉब्लम पर गौर नहीं करेंगी, तो आपकी बॉडी की प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होती चली जाएगी। वैसे, यह प्रॉब्लम उन जगहों पर ज्यादा होती है, जहां ठंडी हवाएं चलती हैं। सर्दी से बचने के लिए चेस्ट को अच्छी तरह से ढककर रखें, गले को लपेट कर और गरम कपड़े पहनें। डॉक्टर की सलाह पर दवाएं लें। नाक बंद हो तो स्टीम लें।एक रिसर्च के मुताबिक, जो महिलाएं हफ्ते में 5 दिन तकरीबन 45 मिनट एक्सरसाइज करती हैं, उन्हें जुकाम कम होता है।



# सीताफल
## स्वादिष्ट मीठे फल के 10 गुण

सीताफल इतने गुणों से भरपूर है कि शायद ही शरीर का कोई हिस्सा ऐसा हो जिसे यह फायदा न पहुंचाता हो। जानिए सीताफल के 10 गुणों के बारे में...



1. सीताफल में वजन बढ़ाने की क्षमता भरपूर होती है और अगर आप वजन बढ़ाने के सारे जतन करके थक चुके हैं तो तैयार हो जाएं एक नए और मीठे उपाय के लिए। आपको बस सीताफल को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना है और आपका मनचाहा फिगर आप पा सकेंगे बहुत ही जल्दी।
2. सीताफल में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट विटामिन सी बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। विटामिन सी में शरीर की रोगों से लड़ने वाली शक्ति यानी इम्युन सिस्टम को बढ़ाने की क्षमता होती है तो हर दिन एक बार सीताफल खाइए और भगाइए दूर बीमारियों को।
3. क्या आप अक्सर कमजोरी महसूस करते हैं? सीताफल आपकी यह परेशानी दूर कर सकता है। सीताफल बहुत ही अच्छा एनर्जी का स्रोत होता है और इसके सेवन से थकावट और मसल्स मतलब मांसपेशियों की कमजोरी आपको बिलकुल भी महसूस नहीं होगी। बस, सीताफल को अपनी डाइट में शामिल कर लीजिए।
4. विटामिन बी कॉम्प्लेक्स से भरा हुआ सीताफल दिमाग को शीतलता देने का भी काम करता है। यह आपको चिड़चिड़ेपन से बचाकर निराशा को दूर रखता है। तो फिर बस, सीताफल अपनाइए और अपनी मानसिक शांति को रखिए अपने साथ हमेशा।
5. सीताफल आपके दांतों के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत उत्तम है। इसको नियमित खाकर आप दांतों और मसूड़ों में होने वाले दर्द से छुटकारा पा सकते हैं।
6. खून की कमी यानी एनीमिया से बचना अब बिलकुल आसान है। सीताफल का हर दिन इस्तेमाल खून की अल्पता को खत्म कर देता है और उल्टियों के प्रभाव को भी कम करता है।
7. सीताफल आंखों की देखने की क्षमता बढ़ाता है, क्योंकि इसमें विटामिन सी और रिबोफ्लॉविन काफी ज्यादा होता है। इससे नंबर के चश्मे को आप खुद से बड़ी आसानी से दूर रख सकते हैं।
8. सीताफल में मौजूद मैग्नीशियम शरीर में पानी को संतुलित करता है और इस तरह से जोड़ों में होने वाले अम्ल को हटा देता है। यह अम्ल गठिया रोग का मुख्य कारण होता है और इस तरह से सीताफल गठिया रोग से सुरक्षा करता है।
9. दिल की तंदुरुस्ती अब बिलकुल आसान है। इसमें सोडियम और पोटेशियम संतुलित मात्रा में होते हैं जिससे खून का बहाव यानी ब्लड प्रेशर में अचानक होने वाले बदलाव नियंत्रित हो जाते हैं।
10. दोनों प्रकार की शुगर को संतुलित रखना सीताफल के उपयोग के साथ बहुत ही आसान है। इसमें शरीर में होने वाली शुगर को सोख लेने का गुण होता है और इस तरह से यह शुगर का शरीर में स्तर सामान्य बनाए रखता है।

सीताफल एक लाजवाब, स्वादिष्ट और मीठा फल होने के साथ-साथ अपने में अनगिनत औषधीय गुणों को शामिल किए हुए है। पूरे शरीर को स्वस्थ और बीमारियों से दूर रखने का यह एक बहुत ही आसान उपाय है।



# भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने के नुक्सान

कई लोग भोजन के साथ या भोजन के बाद चाय का सेवन करने के शौकीन होते है लेकिन भोजन के साथ चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करना नुक्सानदायक साबित हो सकता है।चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से हमारे शरीर को कई रोगों का शिकार होना पड़ सकता है जैसे ब्लड प्रैशर की समस्या, मधुमेह और वजन बढ़ने की समस्या,पेट संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती है।चाय या कॉफी में अत्यधिक कैफीन होने को कारण यह हमारे शरीर के लिए नुक्सानदायक साबित होती है।कई लोगों का ऐसा मानने है कि भोजन के साथ चाय पीने से भोजन आसानी से पच जाता है लेकिन ऐसा न होकर इसका बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है।आइए जानें भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने के नुक्सान।

- भोजन के साथ चाय या कॉफी पीने से पेट संबंधी समस्याएं जैसे एसीडिटी की समस्या पैदा हो सकती है और पाचन क्रिया पर भी बुरा असर पड़ता है।
- चाय का अत्यधिक सेवन करने से मुंह की समस्याएं पैदा हो सकती है ,चाय ज्यादा पीने से गले और मुंह में खुश्की की समस्या पैदा हो सकती है।
- चाय का अत्यधिक सेवन करने से इसमें मौजूद कैफीन हमारे शरीर के लिए नुक्सानदायक साबित हो सकता है ,कैफीन हमारे शरीर में एसिड बना देता है जिसका सीधा असर हमारी किडनी पर पड़ता है।
- चाय या कॉफी पीने से आंतो पर बुरा असर पड़ता है और यह आंतों को भी कमजोर बना देती है।
- भोजन के साथ चाय या कॉफी का सेवन करने से भोजन में मौजूद पौष्टिक पदार्थ हमारे शरीर तक नहीं पहुंच पाते।
- चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से अनिद्रा जैसी बीमारी का भी शिकार होना पड़ सकता है।
- चाय या कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से फेफड़ों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

# जैतून का तेल रखता है दिल को दुरुस्त



जैतून तेल का नियमित इस्तेमाल दिल को तो दुरुस्त बनाता ही है, दिल संबंधी बीमारियों के जोखिमों को भी घटाता है। ग्लासगो तथा लिस्बन विश्वविद्यालयों और जर्मनी में मोसाइक्यूज डायग्नोस्टिक्स के अध्ययनकर्ताओं ने जैतून के तेल का असर जानने के लिए मिलकर काम किया।अमेरिकी जर्नल क्लीनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित अध्ययन में जैतून सहित पौधे में पाए जाने वाले प्राकृतिक अवयव फेनोलिक्स के ह्दय पर पड़ने वाले असर को परखा गया। अमेरिका में संघीय औषधि प्रशासन और यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण का मानना है कि मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड के साथ फेनोलिक्स, जैतून के तेल के रक्षात्मक प्रभाव के लिए जिम्मेदार होता है। अध्ययन का पहलू यह रहा कि लक्षित समूहों पर इसका असर देखा गया यानी ऐसे लोग जो हमेशा जैतून का तेल इस्तेमाल नहीं करते हैं। स्वास्थ्य पर तेल पूरकों के असर के अध्ययन के लिए अध्ययन टीम ने नई डायग्नोस्टिक तकनीक को आजमाया। धमनी संबंधी (सीएडी), किडनी संबंधी (सीकेडी) और मधुमेह जैसी बीमारियों के संकेत के लिए पहचानी गई पेपटाइड्स (खंडित प्रोटीन से निर्मित) के रेंज को जानने के लिए पेशाब के नमूने की जांच की गई। परिणाम से पता चला कि दोनों समूहों में बीमारी की सबसे सामान्य किस्म सीएडी के नतीजे में बड़ा बदलाव दिखा।

# विटामिन बी1 की कमी ब्रेन को कर देती है फेल



नई खोज से पता चला है कि विटामिन बी1 की कमी से ब्रेन की घातक बीमारी वैनिक इंसेफैलॉपथी हो सकती है। ऐल्कॉहॉल और एड्स के 75-80 पर्सेंट केसों में इस बीमारी के होने की आशंका रहती है। यह ब्रेन की ऐसी बीमारी है, जिसमें समय पर इलाज नहीं होने पर मरीज इंसेफैलॉपथी का शिकार हो जाता है।

मेटाबॉलिक संतुलन बिगड़ने और नशीले पदार्थ का सेवन करने से यह बीमारी होती है। लायोला यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के न्यूरॉलजिस्ट के मुताबिक, वैनिक इंसेफैलॉपथी से पीड़ित में कन्फ्यूजन, भ्रम, कोमा, मांसपेशियों की कमजोरी और दृष्टि दोष जैसी दिक्कतें होती हैं। यही बाद में स्थायी तौर पर ब्रेन डैमेज का कारण बनती हैं और मरीज की मौत भी हो जाती है। साइंस अमेरिकन मेडिसिन जर्नल में इस नई खोज को प्रकाशित किया गया है।



# मन्नारा संग कॉम्पिटिशन पर बोलीं परिणीति

**बिग बॉस 17 फेम और एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा को सलमान खान के इस शो से ए क अलग पहचान मिली है। शो में मन्नारा ने अपने खास अंदाज से फैंस को खूब एंटरटेन किया। प्रियंका चोपड़ा और परिणीति चोपड़ा की बहन होने की वजह से भी मन्नारा को शो में काफी फायदा मिला। उन्हें इस बात के लिए भी जाना जाता है कि वो प्रियंका की कजिन हैं।**

शो से निकलने के बाद मन्नारा लगातार खबरों में छाई हैं। उनके कई म्यूजिक वीडियो भी रिलीज हुए हैं। कुछ दिनों पहले मन्नारा ने अपना बर्थडे बहन प्रियंका चोपड़ा और जीजा निक जोनस के साथ सेलिब्रेट किया था, जिसकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थीं। ऐसे में अब परिणीति चोपड़ा का एक वीडियो चर्चा में बना हुआ है। इस वीडियो में उनसे जब मन्नारा के साथ इंडस्ट्री में कॉम्पिटिशन को लेकर सवाल किया गया तो एक्ट्रेस के जवाब ने सबका दिल जीत लिया। परिणीति चोपड़ा का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो किसी इवेंट का लग रहा है। इस वीडियो में जब परिणीति से पूछा, बहन का ट्रेलर लॉन्च हुआ है आपने देखा है मन्नारा का कैसा लगा। इस मन्नारा ने कहा, हां जरूर देखा है। बहुत सेक्सी लगा है उसका ट्रेलर। इसके बाद मीडिया ने जब परिणीति से पूछा कि आपको क्या लगता है वो आपकी कॉम्पिटीटर बन सकते हैं? इस पर परिणीति ने कहा, 'यार वो और मैं एक ही साथ बड़े हुए हैं एक ही माहौल में। हमारे बीच में सिर्फ दो साल का अंदर है। अब समय आ गया है कि हम दोनों को तुलना करना बंद कर दें। हम बहनें एक दूसरे के साथ निगेटिव तरह से नहीं रहते हैं हमारे बीच काफी प्यार है।' मन्नारा चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वो अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियो के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। फैंस भी मन्नारा के लेटेस्ट फोटोशूट को काफी पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर मन्नारा की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।



# सांवले रंग की वजह से ताने सुनती थीं सुम्बुल तौकीर, झेलने पड़े कई रिजेक्शन

सुम्बुल तौकीर को उनके सांवले रंग की वजह से उन्हें कई रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था। हालांकि, एक्ट्रेस ने कभी अपने टैलेंट के बीच अपने रंग को आने नहीं दिया। सुम्बुल ने कहा जिस दिन मुझे मेरा पहला टीवी शो इमली मिला था, मैं बहुत खुश थी। लेकिन कुछ देर बाद रोने भी लग गई थी। दरअसल, मुझे बधाई देने की बजाय, कुछ कहते थे कि ऐसी काली लड़की को लीड रोल कैसे मिल गया? मुझे उनकी ये बातें बहुत अपमानजनक लगती थीं। मैं खूब रोती भी थी। लेकिन धीरे-धीरे चीजें बदलने लगीं। शो की टीआरपी ने इन लोगों को करारा जवाब दिया। मुझे मेरे फैंस से बहुत सपोर्ट और प्यार मिला था। वैसे, मुझे बचपन से ही अपनी स्किन टोन को लेकर कई ताने सुनने मिलते थे। मेरा शुरुआती दौर काफी कठिन रहा है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट, जब भी मैं ऑडिशन के लिए जाती थी, जवाब में सुनती थी कि वे सिर्फ फेयर स्किन वाले एक्टर्स चाहते थे। यह बातें सुनकर बहुत दु:ख होता था। लेकिन अब ऐसा बिल्कुल नहीं है। मेरे लिए रंग मायने नहीं रखता है। टैलेंट से बढ़कर मेरे लिए अब कुछ नहीं है।

### मैं अपनी स्किन टोन में बहुत कंफर्टेबल हूं



निया शर्मा ने कहा मैंने पहले भी कहा है कि मैंने आज तक कभी गोरे होने का सोचा नहीं और ना ही किसी डॉक्टर से गोरे होने की सलाह ली है। लोग मुझे भले ही डस्की या ब्राउन स्किन एक्ट्रेस कहकर पुकारें लेकिन मैं अपनी स्किन टोन में बहुत कंफर्टेबल हूं। इस बात से मैं वाकिफ थी कि रियलिटी शो करने के दौरान या उसके बाद, मैं किसी भी वजह से ट्रोल हो सकती हूं। लेकिन लोग मेरी डार्क स्किन पर इतना बुरा बोल सकते है, ऐसा मैंने कभी सोचा भी नहीं था। मैं ऑनलाइन ट्रोलिंग की शिकार हो गई। दूसरों के मुकाबले, मेरी स्किन थोड़ी ज्यादा डार्क है। लेकिन मुझे इसमें कोई दिक्कत नहीं है। इस सिचुएशन में मैं अपने आपको थोड़ा शांत रख रही हूं। हालांकि, इससे निकलने में थोड़ा वक्त लगेगा।

### रोल नहीं मिला क्योंकि मेरा रंग दबा हुआ था



एक इंटरव्यू में हिना खान ने कहा था- मैं कश्मीरी हूं और बहुत अच्छी तरह से कश्मीरी बोल सकती थी पर मुझे इसलिए इस रोल के लिए नहीं लिया गया, क्योंकि मेरा रंग दबा हुआ था। मैं बहुत ज्यादा गोरी नहीं हूं। टीम और किरदार के लिए यही जरूरी था। मुझे बहुत बुरा लगा था। हिना खान ने अपने करियर की शुरुआत सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है से की। इसमें उनके किरदार का नाम अक्षरा था। हिना खान ने अपने करियर की शुरुआत सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है से की। इसमें उनके किरदार का नाम अक्षरा था। जब आप भाषा को बहुत अच्छी तरह से जानते हों और आप किरदार को बेहतरीन तरीके से निभा सकते हों और सिर्फ कश्मीरी दिखें ना इसलिए आपको रोल न मिले। मैंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और हार नहीं मानी। मैंने हमेशा कोशिश जारी रखी।



# डिज्नी एंड पिक्सर से जुड़ीं अनन्या पांडे

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे डिज्नी एंड पिक्सर की एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट' से जुड़ गई हैं। उन्होंने फिल्म के हिंदी वर्जन के लिए मेन कैरेक्टर राइली को अपनी आवाज दी है। हाल ही में डिज्नी फिल्म्स इंडिया ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या डबिंग स्टूडियो में फिल्म के लिए डबिंग करती नजर आ रही हैं। इस अचीवमेंट पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए अनन्या ने कहा, 'मैं हमेशा से डिज्नी और पिक्सर की एनिमेटेड फिल्मों की बड़ी फैन रही हूं। इनकी कहानियां एंटरटेनिंग और रिलेटेबल होने के साथ ही साथ अक्सर आपको दूसरी दुनिया में ले जाती हैं।'

### काजोल से लेकर शाहरुख तक दे चुके हैं आवाज

एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'राइली के किरदार को आवाज देने के बाद मेरे बचपन की कई यादें ताजा हो गईं। डबिंग करने का यह पूरा प्रोसेस बड़ा ही मजेदार रहा और मैंने इसे पूरे दिल से एंजॉय किया है।'बताते चलें कि अनन्या से पहले काजोल, परिणीति चोपड़ा, ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और आर्यन खान जैसे बॉलीवुड सेलेब्स ने डिज्नी के एनिमेटेड कैरेक्टर्स को अपनी आवाज दी है।



# शाहरुख खान के साथ काम करना चाहते हैं अनुराग कश्यप, लेकिन नहीं कर पाते हिम्मत

अनुराग कश्यप का फिल्म बनाने का नजरिया अलग है। वे बोल्ड विषयों पर फिल्में बनाते हैं, जो अक्सर अलग नजर आती हैं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित फिल्में बनाई हैं। कई कलाकारों के साथ काम कर चुके अनुराग कश्यप बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के साथ काम करने से डरते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इसकी वजह का खुलासा किया और इसके लिए शाहरुख खान के प्रशंसकों को जिम्मेदार ठहराया है। अनुराग कश्यप ने शाहरुख खान के साथ काम नहीं करने के लिए शाहरुख खान के फैन बेस को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने स्वीकार किया कि शाहरुख खान के साथ काम करना असंभव है। ह्यूमंस ऑफ सिनेमा से बात करते हुए अनुराग कश्यप ने खुलासा किया कि शाहरुख खान और उनके काम को पसंद करने के बावजूद वे उनके साथ काम नहीं कर सके। अनुराग कश्यप ने कहा कि वे एक बार शाहरुख के साथ फिल्म बनाना चाहते थे। किंग खान को वे पसंद भी खूब करते हैं, लेकिन वह शाहरुख के प्रशंसकों से काफी 'डरते' हैं। अनुराग कश्यप ने आगे कहा, सोशल मीडिया के इस दौर में बड़े स्टार्स के प्रशंसकों की संख्या देखकर घबरा जाता हूं। अभिनेता प्रशंसकों की वजह से टाइपकास्ट हो जाते हैं और प्रशंसक उनसे बार-बार वही चीजें चाहते हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो प्रशंसक उसे अस्वीकार कर देते हैं, इसलिए अभिनेता भी नई चीजें आजमाने से डरते हैं।

### महंगे पड़ सकते हैं परिणाम!

अनुराग कश्यप ने आगे कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपनी पसंद की फिल्म बनाएंगे और सिर्फ प्रशंसकों के लिए नहीं।



# कोई किसी की जगह नहीं ले सकता, मेरा रोल कोई छीन नहीं सकता

**बॉलीवुड में नेपोटिज्म बहुत बड़ा टॉपिक है। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट जैसे स्टार किड्स इस बहस का शिकार हो जाते हैं। अब इसी में एक्टर जयदीप अहलावत से नेपोटिज्म को लेकर सवाल पूछा गया। इंडस्ट्री के ए-लिस्टर्स में शामिल स्टार किड्स का सपोर्ट करते हुए एक्टर ने कहा कि वो नेपोटिज्म में विश्वास नहीं करते हैं। क्योंकि किसी भी स्टारकिड ने कभी उनसे कोई किरदार नहीं छीना है।**

### नेपोटिज्म पर बोले पर जयदीप अहलावत

जब उनसे पूछा गया कि क्या नेपोटिज्म ने उन्हें कभी किसी तरह से इफेक्ट किया है, तो जयदीप अहलावत ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि रणबीर कपूर या वरुण धवन कभी भी उनका कोई किरदार छीन लेंगे। जयदीप ने कहा- वो रणबीर कपूर हैं। अगर किसी को लगता है कि वो स्टारकिड हैं इसलिए अच्छे एक्टर हैं, इस भ्रम में मत रहो कि तुम स्टार किड हो तो, तुम एक अच्छे एक्टर हो जाओगे। रणबीर के बारे में जयदीप ने आगे कहा- अगर वो आउटसाइडर होते, तब भी वो स्टार होते। उन्होंने कहा कि वो रणबीर कपूर बनने के लिए इंडस्ट्री में नहीं आए हैं। अगर कोई लड़की अगली आलिया भट्ट बनने के लिए इंडस्ट्री में आती है तो वो भी गलत है। जयदीप ने कहा- मैं दूसरा रणबीर कपूर नहीं हूं, मैं पहला जयदीप अहलावत हूं।

### जयदीप अहलावत का वर्क फंट

जयदीप अहलावत अपनी आने वाली फिल्म 'महाराज' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें आमिर खान के बेटे जुनैद खान भी हैं। जुनैद इस फिल्म से डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म 14 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद से ही फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है।



# थलापति विजय के 50वें जन्मदिन पर फैंस को मिलेगा स्पेशल गिफ्ट

विजय थलापति साउथ के उन अभिनेताओं में से हैं, जिनकी फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। विजय थलापति स्टारर फिल्म घिल्ली को हाल ही में एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसको लेकर उनके फैंस बेहद खुश भी नजर आए। अब विजय की एक और फिल्म फिर से रि-रिलीज के लिए तैयार है। विजय थलापति साउथ सिनेमा के सुपरस्टार हैं। उनकी फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। 2007 में रिलीज हुई फिल्म पोकिरी को एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इस बात से विजय के फैंस में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विजय के 50वें जन्मदिन पर फिल्म पोकिरी को एक बार फिर से रि-रिलीज किया जाएगा। यह कह सकते है कि इस फिल्म के जरिए विजय अपने फैंस को अपने जन्मदिन का रिटर्न गिफ्ट देंगे। फिल्म पोकिरी के विक्रेताओं में से एक करण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी देते हुए एक पोस्ट साझा किया है। फिल्म पोकिरी के डिस्ट्रीब्यूटर ने फिल्म को लेकर एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करके फिल्म की रि-रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने फिल्म के कई पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, विजय के फैंस सावधान हो जाइए, क्योंकि थलपति विजय की फिल्म पोकिरी एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। किंग ऑफ इंडिया बड़े पर्दे पर 21 जून को अपने 50वें जन्मदिन से एक दिन पहले वापस आ रहा है।

### फैंस में फिल्म को लेकर उत्साह

जैसे ही डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म पोकिरी के बारें में सोशल मीडिया पर जानकारी दी, वैसे ही यह पोस्ट तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक फैन ने लिखा, यह बहुत ही शानदार खबर है, मैं किंग ऑफ सिनेमा को एक बार बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हूं। एक और फैन ने लिखा, सिनामघरों में देखने लायक फिल्म है पोकिरी, एक और फैन ने लिखा, हमें फिल्म की रि-रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इनके अलावा भी कई फैंस लगातार सोशल मीडिया पर कमेंट कर रहे हैं, तो कुछ इमोजी भेज रहे हैं। बता दें कि फिल्म पोकिरी 2007 में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म लोगों के बीच काफी मशहूर हो गई थी। इस फिल्म में विजय के अलावा असिन, प्रकाश राज और मुकेश तिवारी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के निर्देशन कि जिम्मेदारी प्रभु देवा ने संभाली थी। फिल्म की पटकथा का पूरा श्रेय पूरी जगन्नाथ को जाता है। फिल्म का निर्माण रमेश सिंगानामाला ने किया है। फिल्म का मधुर संगीत मनी शर्मा ने सजाया है और सिनेमेटोग्राफी का पूरा क्रेडिट निरव शाह को जाता है।

# फिर से करना होगा वही रोल, जिसे करने से कतराते हैं अनिल कपूर



अनिल कपूर जल्द ही यशराज स्पाई यूनिवर्स की एक फिल्म में अभिनय करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी भी काम कर रही हैं, एनिमल में निगेटिव रोल करके चर्चा में आए बॉबी देओल एक बार फिर ऐसी ही भूमिका में नजर आएंगे। अनिल कपूर के बारे में कहा जाता है कि वो पिता का किरदार करने से बचते हैं, लेकिन उन्हें एक बार फिर से ऐसा करना ही पड़ेगा मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनिल कपूर यशराज स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म में आलिया और शरवरी के पिता का किरदार निभाएंगे। अनिल कपूर पिछले साल भी एनिमल फिल्म में रणबीर कपूर के पिता बने थे, इस किरदार को उन्होंने बखूबी निभाया था। मालूम हो कि अनिल कपूर हाउसफुल 5 और दे दे प्यार दे 2 में भी काम करने वाले थे, लेकिन अब उन्होंने दोनों ही फिल्मों से अलग होने का फैसला ले लिया हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राधिकरण अधिकारियों ने किया पौधारोपण



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की तरफ से पौधरोपण किया गया।

प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी और ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने नॉलेज पार्क फोर स्थित पार्क में पौधरोपण किये। इन अधिकारियों ने पार्क में बरगद, सीसम, पीपल, जामुन आदि प्रजाति के पौधे लगाए। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि मानसून आते ही ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग जगहों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। देशी और बड़े आकार वाले पौधे लगाने पर अधिक जोर रहेगा।

# हर व्यक्ति वृक्षारोपण करे : पी.के. श्रीवास्तव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ओखला पक्षी विहार नोएडा में मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा पीपल का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता तथा पर्यावरण संरक्षण से ही जल व जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने जनमानस से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गयी।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना में वृक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास वृक्ष अवश्य लगाये जाने चाहिए। वर्तमान में भूमि का भूगर्भ जल स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है तथा वर्षा का पानी व्यर्थ एवं नदियों का जल तटबंधों को छोडकर व्यर्थ बह जाता है। क्योंकि वृक्षों की जड़ें मिट्टी के कटाव को नियंत्रित करती है, जिससे भूमि एवं जल दोनो का ही संरक्षण होता है।

इस अवसर पर कर्नल डॉ. रामरत्न, वन




विभाग तथा स्वयं सेवी संस्था, ईवेस्ट के संस्थापक संजीव शर्मा, बिस्लरी इन्टरनेशनल के हैड गणेश, स्कूली छात्र/छात्राओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य




में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से सेंटर फॉर डेवलपमेंट कम्युनिकेशन की तरफ से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सिफर जया संस्था की संस्थापक मंजू मिन्हास ने प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन और मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, मार्केट एसोसिएशन और स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने पर्यावरण दिवस की थीम पर हमारी धरती हमारा भविष्य विषय पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए। इस दौरान पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह व प्रबंधक प्रशांत समाधिया के साथ ही सेक्टर ओमेगा ग्रीन वन, गामा वन, बीटा टू के दुकानदार भी शामिल हुए।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण करते सेक्टर-55 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सत्य नारायण गोयल व अन्य सेक्टरवासी।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान से स्वस्थ भारत की परिकल्पना संभव : डा. अशोक श्रीवास्तव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेक्टर-41 स्थित आरोग्य सदन राष्ट्रीय



आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय के दिशा निर्देशन में एक स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अशोक श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज सारा विश्व प्रदूषित पर्यावरण से भय एवं विषाद से व्याकुल है जिसमें बढ़ रहे उद्योगों के साथ भारी मात्रा में प्लास्टिक का उपयोग जहां जनजीवन को एक ओर

रोग ग्रस्त कर रहा है वहीं दूसरी ओर रासायनिक उर्वरक कृषि भूमि को बंजर बनाकर जनजीवन के लिए एक अभिशाप हो रहा है। डॉ श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि हमने नवरत्न फाउंडेशन के माध्यम से चल रहे स्कूलों के 800 छात्रों तथा लगभग 40 सिलाई केंद्रों में कार्यरत महिलाओं को संकल्प के साथ यह संदेश दिया हैं की वह जन जीवन को प्लास्टिक मुक्त अभियान में अपना अथक सहयोग दें जिससे स्वस्थ भारत तथा श्रेष्ठ भारत निर्माण का सपना साकार हो सके।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार के गुरु वैद्य अच्युत कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण के संतुलन में वृक्षारोपण की भूमिका प्रमुख है। अंधाधुंध वृक्षों की कटाई से आंधी तूफान, ओलावृष्टि, अनावृष्टि जैसी घटनाएं देश के विकास तथा समृद्धि के लिए अभिशाप बन रही है।

उक्त अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीट के अध्ययन रत चिकित्सक वैद्य रुचि राणा, वैद्य प्रदीप कुमार के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित भारतीय जनता पार्टी के मंडलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत,पूर्व उपनिदेशक हार्टिकल्चर, बुद्धा सिंह, तथा समाजसेवी रमेश शर्मा के अतिरिक्त नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सांसद पुत्री को व्यापारियों ने दी जीत पर बधाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से डॉ. महेश शर्मा की बंपर जीत की खुशी में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारी सेक्टर-71 स्थित कैलाश हॉस्पिटल में गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा की पुत्री डॉक्टर पल्लवी शर्मा को मिलकर बधाई दी।

कैलाश हॉस्पिटल की डायरेक्टर पल्लवी शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सोसायटियों में जाकर अपना सौ प्रतिशत दिया। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष विकास जैन ने लगभग दो महीने तक सोसायटियों में घर-घर जाकर प्रचार करते रहे और मतदान वाले दिन वृद्ध लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाकर मत प्रतिशत बढ़ाने में योगदान दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का आभार व्यक्त किया।

प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि डॉक्टर पल्लवी शर्मा इस चुनाव में इन विशेष रोल में अपना किरदार निभाया है। समर्पण भाव से डॉक्टर पल्लवी शर्मा ने रात दिन एक कर इस चुनाव को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव सिंगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मतों से विजयी होकर सांसद डॉ. महेश शर्मा ने हमारा मान बढ़ाया है।

जिला सचिव शिवा चौहान और आकाश तोमर ने भी डॉ. पल्लवी शर्मा को बधाई दी।

# ईकोटेक-3 थाने में पौधा लगाकर पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संगठन



महिला उन्नति संस्था ने थाना ईकोटेक थर्ड परिसर में पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉक्टर राहुल वर्मा ने कहा कि आज हम जिस माहौल में सांस ले रहे हैं वह जीवन के लिए बहुत घातक है, हमारा पर्यावरण आज इतना दूषित हो चुका है कि मनुष्य की औसत आयु 70 वर्ष रह गई है।

पेड़ हमारे जीवन रक्षक है जो हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं और प्रकृति को शुद्ध बनाने में सहायक है। संस्था के उपाध्यक्ष रणवीर चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति संगठन द्वारा पर्यावरण दिवस पर प्रदेश भर मे 1000 पेड लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

पौधारोपण कार्यक्रम में थाना ईकोटेक थर्ड प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ल के साथ महिला पुलिसकर्मी मौजूद रही।

# रालोद ने ऐतिहासिक जीत पर डा. महेश शर्मा को दी बधाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों ने डॉ महेश शर्मा की ऐतिहासिक



जीत पर उन्हें फूल गुलदस्ता व मिठाई खिलाकर बधाई दी।

रालोद के अध्यक्ष जर्नादन भाटी ने क्षेत्र की जनता का अपार स्नेह आशीर्वाद देने पर सभी क्षेत्र वासियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर महेश आर्या राष्ट्रीय सचिव अजीत दौला, प्रदेश उपाध्यक्ष जनार्दन भाटी, जिलाध्यक्ष मनवीर भाटी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, अध्यक्ष महानगर नोएडा जसवीर भाटी, गौरव आजाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# स्वच्छ नोएडा का संदेश लेकर दौड़े शहरवासी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नोएडा प्राधिकरण एवं कोफेर्ज लिमिटेड नोएडा में मिनी मैराथन



दौड़ का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन के दौरान 'स्वच्छ नोएडा' का संदेश लेकर दौड़े। नोएडा के सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नोएडा प्राधिकरण व कोफेर्ज लिमिटेड द्वारा सीआरएफ के माध्यम से मिनी मैराथन रेस का आयोजन भी किया गया।

मिनी मैराथन के अन्तर्गत स्वच्छता संदेशों जैसे- यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं है। बेहतर साफ सफाई से ही नौएडा के सैक्टरों एवं ग्रामों को आदर्श बनाया जा सकता है का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में लगभग 500 प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन / ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से हिस्सा लिया। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई। मैराथन रेस के बाद नौएडा क्षेत्र में सफाई कार्य करने वाले कर्मचारियों को कार्य करने की सुविधा के लिए सेफ्टी किट दी गई।

कार्यक्रम में फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, के0 के0 जैन, पवन यादव एवं डी0डी0 आर0डब्लू0ए0 के अध्यक्ष एन0 पी0 सिंह, महासचिव संजीव कुमार द्वारा पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शहर वासियों को संबोधित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नौएडा प्राधिकरण से एस0पी0 सिंह, उप महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य), विजय रावल, उप महाप्रबन्धक (सिविल), गौरव बंसल, परियोजना अभियंता (जन स्वा0-7), आर0 के0 शर्मा, परियोजना अभियंता (जन स्वा0- II), जन स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम, कोफेर्ज लिमिटेड की वाईस प्रेसीडेंट श्रीमति मंजरी मिश्रा एवं श्रीमति मानविका शर्मा, मेसर्स गाईडेड फॉर्च्यून समिति की समस्त टीम, मेसर्स आईएलआरटी की टीम से सभी सदस्य एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे ।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेक्टर 94 स्थित नौएडा प्राधिकरण जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय परिसर में नौएडा प्राधिकरण एवं सनवड़ा इलेक्ट्रोनिक प्रा.लि. के द्वारा पौधे लगाए गए ।

## सफाईकर्मी व आरडब्ल्यूए सम्मानित





